खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 16°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 27 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 68 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी पेज 2



राजस्थान रॉयल्स को अमेरिकी निवेशकों ने लगभग 15290 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स




युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर सम्पादकीय



बाब-अल मंदाब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान पेज 12

# अमेरिका-इजरायल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री



- ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार
- बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जे की तैयारी

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है और गाजा पर इजरायल के हमलों का बदला लेने के लिए सैकड़ों इजरायली ठिकानों पर गोलाबारी की है। अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, हूती ने अमेरिका और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को भी निशाना बनाया है, जिससे दुनिया भर में व्यापार में रुकावट आई है। अमेरिका और दूसरी पश्चिमी नौसेनाएं समुद्र के रास्ते जहाजों को एस्कॉर्ट कर रही हैं, लेकिन अगर हूती बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने का फैसला करते हैं, तो इससे उनके विकल्प और कम हो सकते हैं। बाब अल-मंदाब स्ट्रेट भूमध्य सागर और अरब सागर के बीच एक जरूरी रास्ता है, जो यूरोप को अफ्रीका और उससे आगे के महासागरों में एशिया से जोड़ता है।

### होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए खुला है: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह स्ट्रेट 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है। होर्मुज स्ट्रेट एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है, जिसके माध्यम से वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इसे बंद कर दिया था। श्री अराघची ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण से, होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से बंद नहीं है। यह केवल दुश्मनों के लिए बंद है।

### इजरायली हमले में IRGC कमांडर तंगसिरी की मौत

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को घोषणा की कि इजरायली हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसिरी की मौत हो गई है। सैन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह एक समीक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने कहा कि इजरायली रक्षा बलों ने आईआरजीसी नौसेना के कमांडर को खत्म कर दिया है। यह वही व्यक्ति था, जो समुद्री यातायात के लिए होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी करने और वहां सुरंगें बिछाने के अभियान के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। श्री काट्ज ने कहा कि यह हमला आईआरजीसी के लिए एक 'संदेश' है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आईडीएफ आपका पीछा करेगा और आप सभी को एक-एक करके खत्म कर देगा। हम युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत के साथ ईरान में अपना अभियान जारी रखेंगे।

# देश में ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने की चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं
- देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित तथा नियंत्रण में है और कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सभी खुदरा ईंधन आउटलेट में पर्याप्त आपूर्ति है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों क्योंकि इसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। मंत्रालय ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं और वितरण में भी कहीं कोई बाधा नहीं है। देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद है। सरकार ने भारत को ऊर्जा सुरक्षा में अग्रणी देशों में बताते हुए कहा है कि देश विश्व का चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम शोधक और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से अधिक देशों को परिष्कृत ईंधन की आपूर्ति करता है। विश्व का शुद्ध निर्यातक होने के कारण भारत में घरेलू पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता संरचनात्मक रूप से सुनिश्चित है। देश भर में एक लाख से अधिक खुदरा आउटलेट से बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रही हैं। किसी को भी आपूर्ति सीमित करने के लिए नहीं कहा गया है। वक्तव्य में कहा गया है कि कुछ चुनिंदा पंपों पर छिटपुट रूप से घबराहट में खरीदारी की गई है, वे सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो द्वारा फैलाई गई जानबूझकर गलत सूचना के कारण हुई।

### भारत संग खड़ा हुआ अर्जेंटीना, ऊर्जा संकट की आशंका के बीच बढ़ाया मदद को हाथ, बढ़ाई LPG की खेप

**ब्यूनस आयर्स।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से भारत में एलपीजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हजारों किमी दूर बैठे एक मित्र देश अर्जेंटीना ने भारत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। इसी के चलते दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने भारत की तत्काल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुद्री यातायात में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते नई दिल्ली को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयासों में तेजी लानी पड़ी है। इस पृष्ठभूमि में अर्जेंटीना एक अप्रत्याशित लेकिन महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है।

### होटल-रेस्टोरेंट बिल में अलग से नहीं जोड़ सकेंगे एलपीजी चार्ज

**नई दिल्ली।** होटल-रेस्टोरेंट ग्राहकों से 'एलपीजी चार्ज' नहीं ले सकेंगे। केंद्र सरकार ने कहा कि रेस्टोरेंट अपने बिल में खाने की कीमत के अलावा केवल सरकारी टैक्स जोड़ सकेंगे। एलपीजी संकट के बीच सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने कहा कि होटल- रेस्टोरेंट को अपनी सभी इनपुट कास्ट को मेन्यू में दी गई कीमतों में ही शामिल करना होगा। अगर कोई रेस्टोरेंट गैस की बढ़ती कीमतों या किसी अन्य ऑपरेशनल खर्च का हवाला देकर बिल में अलग से चार्ज जोड़ता है, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। बेंगलुरु के एक कैफे ने नींबू पानी के बिल पर 5 फीसदी गैस क्राइसिस चार्ज लगाया था।

# नीरव मोदी की याचिका ब्रिटेन की अदालत ने की खारिज



- लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने किया भगोड़े हीरा कारोबारी के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को एक बड़ा झटका देते हुए उसके भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील पर फिर से सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

अदालत ने केंद्र सरकार के ताजा आश्वासनों को पर्याप्त और विश्वसनीय मानते हुए यह फैसला सुनाया। लंदन स्थित रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस की खंडपीठ ने 25 मार्च 2026 को दिए फैसले में कहा कि अपील को दोबारा खोलने के लिए 'असाधारण परिस्थितियों' की आवश्यकता होती है, जो इस मामले में मौजूद नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कानूनी मापदंडों के आधार पर अपील को फिर से शुरू करने का कोई ठोस कारण नहीं है। यह निर्णय लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस जे ने सुनाया। गौरतलब है कि नीरव मोदी की याचिका मुख्य रूप से 2025 के एक अन्य अदालती फैसले पर आधारित थी, जिसमें भारत में पूछताछ के दौरान खराब व्यवहार की आशंका जताई गई थी। ब्रिटिश अदालत ने सुनवाई करते कहा कि भारत सरकार ने सितम्बर 2025 से फरवरी 2026 के बीच व्यापक, विस्तृत और विश्वसनीय आश्वासन दिए हैं कि प्रत्यर्पण के बाद नीरव मोदी से किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी। भारतीय राजनयिक आश्वासनों के अनुसार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय या किसी अन्य भारतीय जांच एजेंसी को ब्रिटेन के अधिकारियों की पूर्व सहमति के बिना नीरव मोदी से पूछताछ करने की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने कहा कि ये वादे राजनयिक स्तर पर बाध्यकारी हैं और यह मानने का कोई आधार नहीं है कि भारत अपनी प्रतिबद्धताओं के विपरीत कार्य करेगा। जजों ने कहा कि भले ही भारत के भीतर कानून लागू करने को लेकर कुछ सैद्धांतिक सवाल बाकी हों, लेकिन दिए गए आश्वासनों का व्यावहारिक असर इतना काफी है कि इससे किसी भी तरह के प्रतिबंधित बर्ताव का कोई भी असली खतरा खत्म हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### संवेदना ही केरल की भावना है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को उस अस्पताल में रात बिताने का एक भावनात्मक विवरण साझा किया, जहां उनकी मां सोनिया गांधी का इलाज चल रहा है। तबीयत खराब होने के बाद श्रीमती गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। श्री गांधी ने कहा कि वह रात में अपनी मां के कमरे में एक सोफे पर लेटे थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे। श्री गांधी ने कहा कि उस मुश्किल समय में उन्हें एकमात्र सांत्वना केरल की एक नर्स से मिली, जो नियमित रूप से उनकी मां की देखभाल कर रही थीं और मुस्कुराहट के साथ उन्हें भरोसा दिला रही थीं। उन्होंने कहा कि पूरी रात, मुझे केवल एक ही चीज से सांत्वना मिली, केरल की एक नर्स जो हर घंटे मेरी मां को देखने आती थीं। वह मुस्कुराती और मां का हाथ थाम लेती थीं।

### नामांकन वापसी का समय समाप्त, 2200 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली।** असम, केरल और पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय-सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गई थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### मप्र-राजस्थान में अगले चार दिन बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित पांच राज्यों में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मप्र में मार्च महीने में तीसरी बार तेज गर्मी की बजाय बारिश होगी। मौसम विभाग ने अगले चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर में ज्यादा असर रहेगा। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से बुधवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए। गुरुवार को भी चार जिलों में बारिश की चेतावनी है।

### 409 करोड़ की नकदी और अवैध सामान जब्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुड्डुचेरी विधानसभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई कर अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किए हैं। असम, केरल और पांडिचेरी विधानसभा के चुनाव पहले चरण में 9 अप्रैल को कराए जाएंगे। उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधानसभा सीटों के चुनाव भी कराए जाएंगे।

# दिल्ली-लंदन एयर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

- खराबी के बावजूद सात घंटे हवा में रही

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से लंदन जा रहा एयर इंडिया का I350-900 (वीटी-जेआरएफ) विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी।

करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया। दिल्ली में इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द लंदन पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विमान ने ओमान के पास से दिल्ली के लिए यू-टर्न लिया।

# कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा जुटाया


**श्रीनगर, वार्ता**

- बड़गाम जिला सबसे आगे, सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल की आशंका

**कश्मीर घाटी** में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपये का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपये चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85 फीसदी राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिये लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है। लोग चंदे में कैश भी दे रहे हैं। क्यूआर कोड भी है, ताकि पैसा बैंक अकाउंट में जा सके। लोग सोना-चांदी के अलावा कैश और कीमती बर्तन भी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। खुफिया सूत्रों ने यह भी बताया कि पहले भी चैरिटी के नाम पर जुटाए गए फंड के दुरुपयोग के मामले सामने आ चुके हैं।

# डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले



**मरकापुरम, वार्ता**

- 22 घायल, तीन घंटे में आग पर काबू पाया गया, पीएम व सीएम ने जताया शोक

**आंध्र प्रदेश** के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी।

बाद में सीएम ऑफिस ने मौत के आंकड़े में ऑफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

# भाजपा को 2024-25 में सबसे ज्यादा चंदा मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- एडीआर की रिपोर्ट में दावा: अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये मिले

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले चंदे में 161 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भाजपा को सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर मिले कुल चंदे से भी 10 गुना ज्यादा पैसा मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 20 हजार रुपये से ज्यादा के कुल चंदे की राशि 6,648.563 करोड़ रुपये रही, जो 11,343 दान से मिली। इसमें अकेले भाजपा को 6,074.015 करोड़ रुपये (5,522 दान) मिले। इसके बाद कांग्रेस को 517.394 करोड़ रुपये (2,501 दान) मिले। भाजपा को मिला चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), सीपीआईएम और नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीईपी) इन सभी के कुल चंदे से 10 गुना से ज्यादा रहा। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बताया कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा का कोई चंदा नहीं मिला, जैसा कि वह पिछले 19 सालों से कहती आ रही है। भाजपा का कुल मिलाकर 2024-25 में चंदा 4,104.285 करोड़ रुपये बढ़ा। भाजपा का चंदा 171 फीसदी बढ़कर 2,243.947 करोड़ से 6,074.015 करोड़ हो गया। कांग्रेस का चंदा भी 84 फीसदी बढ़कर 281.48 करोड़ से 517.394 करोड़ हो गया। 'आप' को 27.044 करोड़ रुपये (244 फीसदी बढ़ोतरी) और एनपीईपी को 1.943 करोड़ रुपये (1,313 फीसदी बढ़ोतरी) मिले राजनीतिक चंदे में सबसे बड़ा हिस्सा कंपनियों का रहा। कुल 6,128.787 करोड़ रुपये (92.18फीसदी) कॉर्पोरेट दान से आए, जबकि व्यक्तियों ने 505.66 करोड़ रुपये (7.61 फीसदी) दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी मॉड्यूल की जांच में कश्मीर के दस स्थानों पर छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के सिलसिले में कश्मीर घाटी में दस स्थानों पर छापे मारे है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि ये छापे श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जलिों में 10 स्थानों पर मारे गए है। यह कार्रवाई सीआईके पुलिस स्टेशन में दर्ज एक नए आतंकी जांच मामले का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ये छापे एक अदालत से तलाशी वारंट हासिल करने के बाद मारे गए। आखिरी रिपोर्ट मिलने के समय ये छापे जारी थे। जानकारी के अनुसार गांदरबल जलिे में छह जगहों पर, शोपियां जिले में तीन जगहों पर और श्रीनगर जिले में एक जगह पर तलाशी ली गई।

### गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से हो रही है मॉनिटरिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को लेकर सीसीटीवी से मॉनिटरिंग हो रही है। इस दिशा में 5446 गो-आश्रय स्थलों पर अब तक 7592 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिससे इन स्थलों की निगरानी व्यवस्था हाईटेक हो गई है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शेष 19 जनपदों में सीएसआर फंड के माध्यम से जल्द ही कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में एकीकृत निगरानी तंत्र विकसित होगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर गो-आश्रय स्थल पर कम से कम 5 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। इस पहल से पारदर्शिता बढ़ने के साथ ही गोवंश की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो रही है।

# जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अफसर

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता मत करिए, सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर बैठाया गया था, जहां मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच पहुंचे और एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश



**जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा: योगी**

दिए। जमीन कब्जा और अपराध से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गरीबों की संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्थिति में उन्हें उजाड़ने वालों को बख्शा न जाए। पारिवारिक विवादों के मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने की बात कही। यदि बातचीत से समाधान संभव न हो, तो विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट जल्द तैयार कराकर सरकार को भेजा जाए, ताकि तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंचीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलार किया, चॉकलेट दी और आशीर्वाद दिया।

### विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं, तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है, बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है।

# शांति बहाली पर पाक को महत्व देना भारत की कूटनीतिक विफलता: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली के वास्ते मध्यस्थ के रूप में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम सामने आना भारत की कूटनीतिक विफलता है और अब विदेश मंत्री एस जयशंकर इस विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान जैसे देश को मध्यस्थ के रूप में स्वीकार किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। उनका कहना था कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने, ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों को पनाह देने, परमाणु अप्रसार नियमों के उल्लंघन और एक्यू खान नेटवर्क के जरिए परमाणु प्रसार में शामिल रहा है। उसने अफगानिस्तान में नागरिक ठिकानों पर हमले किए और अपने ही नागरिकों तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई की। श्री रमेश ने कहा कि 2008 के मुंबई हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने पाकिस्तान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग कर दिया था, लेकिन हाल के घटनाक्रमों में ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने आसिम मुनीर के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके बावजूद पाकिस्तान विश्व मंच पर और प्रासंगिक बनता जा रहा है।

### भाजपा पर अपराधियों को संरक्षित करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने गोवा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन सब के बावजूद पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोवा में भाजपा पार्षद के बेटे पर कई नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। उनका कहना था कि मामले में कार्रवाई तब हुई, जब पीड़ित परिवारों ने विरोध प्रदर्शन किया। लांबा ने कर्नाटक के चर्चित मामले का जिक्र करते हुए प्रज्जवल रेवन्ना पर लगे आरोपों को उठाया। इसके अलावा उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड और उत्तर प्रदेश में कुलदीप सिंह सेंगर मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और उनके सहयोगियों के खिलाफ महिला अपराध के मामलों में पार्टी का रवैया संदिग्ध रहा है।

# सपा सरकार आई, तो रिवर फ्रंट पर लगेगी सम्राट अशोक की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सम्राट अशोक की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार आने गोमती रिवर फ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा लगाकर उन्हें सोने के सिघासन पर प्रतिष्ठित किया जाएगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान धुरंधर-2 में ल्यारी गैंग के पोस्टर में अखिलेश यादव की फोटो लगी होने पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग किसी की छवि को खराब करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। जब फिल्म बनाने वाला ही कह रहा है कि वह काल्पनिक है, तो उसे सच क्या मानना। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि अपनी जो फिल्म पालिसी है, ओटीपी पॉलिसी है, उसके तहत मिर्जापुर



के बाद गांजा गंज बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो अपने मुकदमे स्वयं वापस लेता हो, उससे बड़ा माफिया कौन है। इस समय जितने माफिया हैं, सब भारतीय जनता पार्टी के हैं। प्रदेश में एलपीजी की किल्लत को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। पहले खाद के लिए किसान लाइन में लगे। सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलेंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है।

## सरकार ने सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को खारिज किया

# यूपी में पेट्रोल-डीजल के लिए लगीं कतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों ने अचानक अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। अयोध्या, अंबेडकर नगर और बलरामपुर और देवरिया में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, कई जगह 'आउट ऑफ स्टॉक' के बोर्ड लग गए और सीमित मात्रा में ही ईंधन बिक्री की गई। हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

अधिकारियों के मुताबिक सोशल मीडिया पर फैली भ्रामक खबरों के कारण लोगों ने जरूरत से



**कई जगह पेट्रोल पम्पों पर आउट ऑफ स्टॉक के बोर्ड लगे, सरकार बोली प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर ध्यान न दें**

ज्यादा पेट्रोल-डीजल भरवाना शुरू कर दिया, जिससे कुछ पंपों पर अस्थाई दबाव बना। कई जगह सुबह 5 बजे से ही वाहन चालकों की लाइन लग गई और कुछ लोग बिना ईंधन लिए वापस लिए ही लौट गए। इस बीच पेट्रोल पंप संच. ालकों ने बताया कि तेल कंपनियों द्वारा हाल ही में क्रेडिट सिस्टम खत्म कर एडवांस पेमेंट व्यवस्था लागू की गई है। अब डीलरों को पहले भुगतान करना होता है, तभी वे ईंधन उठा सकते हैं। पहले वे स्टॉक लेकर बाद में भुगतान कर सकते थे, जिससे पंपों पर अधिक रिजर्व रहता था। तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह कदम वित्तीय रूप से जरूरी है। प्रशासन ने संवेदनशील पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात की और भीड़ नियंत्रण के उपाय किए। पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रो. कने के लिए कैन/डिब्बों में बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के मुता. बिक ही ईंधन खरीदें। अयोध्या के जिला पूर्ति अधिकारी के मुताबिक बुधवार सुबह जिले में करीब 16 लाख लीटर डीजल और 10 लाख लीटर पेट्रोल उपलब्ध था, लेकिन अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पंपों का स्टॉक खत्म हो गया।

### देशहित में सरकार के उठाए कदम के लिए तैयार रहें: सीएम योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर लोगों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले सिलेंडर को 5वें दिन ही क्यों लेने आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मिडिल-ईस्ट के वार से पड़ने वाले असर को लेकर हम सभी को तैयार रहना चाहिए। देशहित में अगर सरकार ने कोई कदम उठाया, तो हम उसके लिए खुद को तैयार करेंगे। पेट्रोल और डीजल को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नंबर आएगा, तो रजिस्ट्रेशन करवाएं, रसोई गैस आपके घर तक पहुंच जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में हर जिला प्रशासन से कहा है कि जैसे पहले होम डिलीवरी होती थी, वैसे ही पहुंचाएगी और लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# भारत की वृद्धि दर आंतरिक मांग की बदौलत ऊंची बनी रहेगी: एसोचैम

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा।

एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूंकि रुपये के मूल्य में काफी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महंगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल

**2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा**

ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। मिडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के जरिए सरकार का मजबूत समर्थन बिजनेस के भरोसे को बढ़ाता है। घरेलू खपत का रुझान कई सालों के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जिसे कर व्यवस्था में सुधार और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (कारोबार करने में आसानी) में किए गए साहसी सुधारों से समर्थन मिला है और निवेश भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है। मिडा ने कहा कि आगे उम्मीद है कि भारत की वृद्धि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सात प्रतिशत से ऊपर बना रहेगा, जबकि ग्लोबल ग्रोथ के तीन प्रतिशत से नीचे गिरने का डर है। एसोचैम का कहना है कि 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगभग 7.6 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है और आने वाले वित्त वर्ष, 2026-27 में 7 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि की उम्मीद है भू-राजनीतिक और अमेरिका में ऊंचे शुल्क से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद भारत की वृद्धि दर पिछले तीन सालों में सात प्रतिशत से ज्यादा की रही है। फरवरी 2026 के महीने में भारत का विनिर्माण क्षेत्र संबंधी परचेजिग मैनेजर्स इंडेक्स 56.9 और सेवा क्षेत्र पीएमआई 58.1 पर रहा, जो दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन और जर्मनी) में सबसे ज्यादा रहे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम गुरुवार को अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। सामान्य पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल में तेजी रही और लंदन का ब्रेंट क्रूड का मार्च वायदा डेढ़ फीसदी से ज्यादा चढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। कच्चे तेल में तेज उछाल के बाद इंडियन ऑयल के प्रीमियम पेट्रोल एक्सपी95 का मूल्य 20 मार्च को दो रुपये बढ़ाया गया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 101.89 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इंडियन ऑयल के प्रीमियम डीजल एक्सजी का मूल्य 91.49 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.54 रुपये, चेन्नई में 100.84 रुपये और कोलकाता में 105.45 रुपये प्रति लीटर है। डीजल मुंबई में 90.03 रुपये, चेन्नई में 92.39 रुपये और कोलकाता में 92.02 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। रुपया भी इन दिनों डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 20 पैसे लुढ़ककर 93.96 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर नौ प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है।

पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है। आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति- तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं। इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर

**स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही**

चिकित्सा देखभाल मिल सके। आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाए और वे व्यवहार्य और मूल्य-संचालित बने रहें, साथ ही नियुक्त बीमांकिक द्वारा विश्वसनीय डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके आवधिक समीक्षा की जाए। वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमश: 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था। विज्ञप्ति में आईआरडी एआई के बीमा भरोसा पोर्टल के हवाले से बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सामान्य और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित 1,37,361 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 1,27,755 (93 प्रतिशत) शिकायतों का निपटारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ही कर दिया गया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# गैस संकट और मौतों के लिए केंद्र जिम्मेदार: अजय राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को रामपुर पहुंचे, जहां पूर्व विधायक अफरोज अली खान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अजय राय ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने रामपुर को बहादुरों और क्रांतिकारियों की धरती बताते हुए जनता के संघर्षों को नमन किया। अजय राय यहां पूर्व विधायक संजय कपूर द्वारा आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आए थे। प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय ने देश में गैस एजेंसी और पेट्रोल की लाइनों में लग रहे लोगों की स्थिति और इस दौरान हो रही मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इन दुखद घटनाओं के

**हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रही मोदी सरकार**

लिए सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार की कुप्रबंधन नीति के कारण आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जान गंवानी पड़ रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं और जमीनी हकीकत को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में कोरोना काल की तरह धैर्य बनाए रखने के बयान पर अजय राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना काल में भी सरकार ने सब कुछ ठीक होने का दावा किया था, जबकि राहुल गांधी ने पहले ही खतरे की चेता. वनी दी थी।

# नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन 28 मार्च को जनसभा को भी संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 28 मार्च को नोएडा के जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी 28 मार्च सुबह लगभग 11:30 बजे गौतम बुद्ध नगर में जेवर स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वह नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है, जो दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक है। सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये दोनों हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे, जिससे दोनों हवाई अड्डों पर बोझ बढ़ जाएगा, यात्री क्षमता बढ़ेगी और



दिल्ली-एनसीआर को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में अग्रणी स्थान हासिल करेगा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक- निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लगभग 11,200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में हवाई अड्डे की संचालन क्षमता 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) होगी, जो हवाई अड्डे के पूर्ण विकसित होने तक 70 एमपीपीए तक हो जाएगी। नोएडा हवाई अड्डे का रनवे 3,900 मीटर लंबा है, जो बड़े आकार के विमानों के संचालन में सक्षम है। इसके साथ ही इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और उन्नत एयरफील्ड लाइटिंग सहित यहां आधुनिक नेविगेशन सिस्टम हैं, जो हर मौसम में दिन-रात संचालन में सक्षम है। इस हवाई अड्डे के साथ एक सुदृढ़ कार्गो प्रणाली भी है, जिसमें एक मल्टी-मॉडल कार्गो हब, एकीकृत कार्गो टर्मिनल और लॉजिस्टिक्स जोन शामिल हैं। यहां प्रति वर्ष 2.5 लाख टन से अधिक माल ढुलाई हो सकती है। बाद में क्षमता को बढ़ाकर। 18 लाख टन किया जाएगा। इसमें 40 एकड़ का एक समर्पित रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहाल सुविधा क्षेत्र भी शामिल है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापत्य शैली भारतीय विरासत से प्रेरित है, जो पारंपरिक घाटों और हवेलियों की याद दिलाते हैं, जिससे सांस्कृतिक सौंदर्यशास्त्र आधुनिक अवसंरचना के साथ मिश्रित होता है। यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सड़क, रेल, मेट्रो और क्षेत्रीय परिवहन प्रणालियों के निर्बाध जुड़ाव के साथ एक बहु-मॉडल परिवहन केंद्र के रूप में विकसित किया गया है, जो यात्रियों और माल ढुलाई के लिए कुशल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करता है।

# ईडी ने फर्जी अस्पताल मालिक की 55 लाख की अचल संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी- पीएमजेएवाई) योजना के तहत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में असम के एक अस्पताल के मालिक मोब्जिल हुसैन बारभुइया की 55.33 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।

ईडी के गुवाहाटी जोनल कार्यालय ने शिफा अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के मालिक के खिलाफ हैलाकांडी थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आई है कि एबी-पीएमजेएवाई योजना के तहत सूचीबद्ध इस अस्पताल ने 22 अप्रैल 2019 से 5 नवम्बर 2022 की अवधि के दौरान लाभार्थियों को कोई वास्तविक चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना 64,10,780 रुपये के 778 फर्जी प्रतिपूर्ति दावे प्रस्तुत किए थे। जांच में पता चला कि अस्पताल का जो पता दिया गया था वहां कोई अस्पताल था ही नहीं। आरोपी ने कथित तौर पर एक व्यवस्थित धोखाधड़ी की योजना बनाई थी जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड रखने वाले लाभार्थियों को एक अस्थाई सेटअप पर जाने के लिए प्रेरित किया गया था और 300 रुपये के मामूली भुगतान के बदले उन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर लेटे हुए फोटो खिंचवाने के लिए कहा गया था। इन तस्वीरों को फिर ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि उन चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए फर्जी प्रतिपूर्ति दावे उत्पन्न किए जा सकें जो कभी की ही नहीं गई थीं।

# हाईवे के संधावली कट पर भयानक सड़क हादसा, दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** गुरूवार की शाम एनएच-58 संधावली कट के निकट एक भयानक हादसा हुआ जिसमें दो लोगों की जान चली गई और एक युवक जिन्दगी मौत के बीच जुझ रहा है जिसको जिला अस्पताल से मेरठ रैफर कर दिया गया। जैसे ही यह खबर मृतक के परिवार वालों को लगी तो यहां कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। घटना संधावली कट के निकट हुई जहां ट्रैक्टर और बाइक की जबरदस्त भिडंत में दोनो वाहनों के परखच्चे उड गए।

एनएच-58 के संधावली कट के निकट ट्रैक्टर और बाइक के बीच एक जबरदस्त भिडंत में दर्दनाक हादसा हुआ। घटना स्थल ऐसे स्थान पर है जहां मंसूरपुर और सिविल लाइन के अलावा मंडी का क्षेत्र लग रहा है कुल मिलाकर तीनों ही थानों कीपुलिस मौके पर पहुंची।

इस समय तीन युवक खून से लथपथ अवस्था में हाईवे की सड़क पर पडे हुए थे यहां पर ट्रैक्टर और बाइक के परखच्चे उडे हुए थे कुछ ही देर में यहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई और मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरो ने नितिन पुत्र इन्द्रपाल निवासी मौहम्मदपुर माफी और सुहैल निवासी सुजडू को मृतक घोषित कर दिया जबकि नितिन के साथी प्रवीण को जो ग्राम लोहरा का निवासी बताया जा रहा है की हालत गंभीर बताते हुए उसको रैफर कर दिया। पुलिस ने उनके पास से मिले मोबाइल और कागजों के आधार पर जल्द ही मृतक व घायलों की पहचान कर ली थी जिसके चलते तुरंत ही इस घटना की जानकारी मृतक के परिवार को दी। नितिन और सुहैल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया था और पूरे गांव में शोक छा गया था। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि नितिन अपने साथी प्रवीण के साथ जा रहा था और अचानक सामने से आए ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हुई।

ट्रैक्टर चालक सुहैल पुत्र मेहबूब की भी मौत हो गई।



# घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप

■ पुलिस ने चार के खिलाफ की नामजद रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** आधा दर्जन लोगों ने घर में घुस कर लाठी डंडों व ईंट मारकर एक युवती व उसके माता पिता को पीटकर घायल कर दिया और छेड़छाड़ की। पुलिस की ओर से कार्रवाई नही हुई। इंतजार करने के बाद बृहस्पतिवार को फिर युवती ने तहरीर दी जिस पर पुलिस ने एक माह बाद चार नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव तेजलहेडा निवासी कपिल, राहुल, प्रमोद व सहदेव निवासी गांव खेड़ी थाना मीरापुर व दो अज्ञात युवकों ने 20 फरवरी को सुरेंद्र के घर में घुसकर लाठी डंडों ईंट से पिटाई की जिसमें सुरेंद्र उसकी पत्नी व पुत्री खुशी घायल हो गए । पड़ोसियों के आने पर हमलाकर जान से मारने व अपहरण की धमकी देते हुए फरार हो गये। गंभीर घायल खुशी को मुजफ्फरनगर प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कर दिया। पीड़ित युवती ने थाने में तहरीर दी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने उसके माता पिता की डाक्टरी नहीं कराई। इंतजार के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र पोस्ट किया। सुनवाई न होने पर फिर तहरीर दी जिस पर पुलिस ने एक माह बाद रिपोर्ट दर्ज की है। अब गंभीर बात यह है कि आखिर पुलिसने माह बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज क्यो की, यदि पुलिस समय रहते कार्यवाही करती तो पीडित को इंसाफ मिल जाता।

# प्रेमी की तारीफ, परिजनों पर आरोप

## निकाह करने के बाद पुलिस अधिकारियों से मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की सवेरे प्रेम विवाह रचाने के बाद युवती पुलिस अधिकारियों के समक्ष पेश हुई। युवती ने जहां अपनी मर्जी से निकाह करना बताया तो वहीं परिवार के लोगों पर आरोपों की झडी लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले की जांच संबंधित अधिकारी को सौंपी है। युवती ने अपने-आप को बालिग बताते हुए आरोप लगाया कि परिवार के लोग अधेड से उसका निकाह करना चाहते थे इसलिए उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है।

पुलिस कार्यालय में एसएसपी से मिलने पहुंची युवती ने पुलिस अधिकारियों के सामने पेश होते ही बताया कि उसका नाम फराह पुत्री भूरा है। फराह ने बताया कि उसकी उम्र 22 वर्ष है और परिवार के लोग उसका विवाहित एक अधेड से करना चाहते थे, लेकिन उसने अपनी मर्जी से कासिम पुत्र समीम निवासी ग्राम नसीरपुर थाना नई मंडी कोतवाली से निकाह कर लिया है। फराह ने बताया कि उसने किसी बिना दबाव और अपनी मर्जी से कासिम से निकाह किया है और अब अपनी सुरक्षा के लिए यहां आई है। पीड़िता हर शब्द में अपने परिवार के लोगों पर तरह-तरह के आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग करती रही। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित फराह को सुना और संबंधित थाने की पुलिस को कार्यवाही के लिए कहा है।



# सब्जी में कीड़े निकलने पर ग्राहक का हंगामा

## होटल मालिक ने ग्राहक को ही ठहराया आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर में कभी मिष्ठान की दुकान पर तो कभी होटल में कीड़े निकलने की चर्चा आए दिन सामने आती है, हालांकि इस तरह के मामले कई बार सामने आ चुके है, लेकिन खाद्य विभाग की टीम ने अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। गुरूवार को भी एक ऐसा ही मामला नावल्टी चौक स्थित एक होटल पर सुनने को मिला जहां कुछ लोगों ने सब्जी में कीडे निकलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

युवक होटल से सब्जी पैक करवाकर घर ले गया था और थाली में परोसते ही सब्जी में कीडे दिखाई दिए तो वह शिकायत लेकर होटल पहुंच गया, लेकिन आरोप है कि होटल मालिक ने युवक को ही आरोपी बना दिया।

गुरूवार की शाम नावल्टी चौक स्थित एक होटल पर उस वक्त हंगामा हो गया जब एक युवक ने पैक कराई गई सब्जी में कीडे निकलना बताया और होटल मालिक ने उसको ही आरोपी ठहराना शुरू कर दिया। सच्चाई क्या है यह तो ग्राहक या होटल मालिक जाने या फिर यह मामला पुलिस जांच का विषय है फिलहाल युवक सब्जी में कीडे निकलना बता रहा है तो होटल मालिक का कहना है कि उसी ने बदनाम करने के लिए ऐसा किया है, हालांकि युवक ने सब्जी में कीडे निकलने का वीडियो भी बनाया है जिसमें बताया गया कि युवक उक्त होटल से सब्जी पैक कराकर ले गया था और जैसे ही उसने सब्जी थाली में परोसी तो कीडे साफ नजर आने लगे।

उधर होटल मालिक इस मामले को बार-बार नकार रहा है और युवक पर ही आरोप लगा दिए। अब देखना है कि सच्चाई क्या है? युवक का कहना है कि वह इसकी शिकायत खाद्य विभाग और पुलिस में भी करेगा।



मुजफ्फरनगर: रामनवमी पर आरती वन्दना करते श्रद्धालु।

### दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**मुजफ्फरनगर।** दुर्घटना में घायल हुई महिला की मौत हो गई है जिससे पूरे परिवार में शोक छा गया। बताया जाता है कि संगीता पत्नी अनिल निवासी जबलपुर किसी काम से पुरकाजी गई थी। जब वह पुरकाजी से अपने गांव रिक्शा में सवार होकर लौट रही थी तो ग्राम हरिनगर के निकट छोटे हाथी ने उनको टक्कर मार दी थी। इस हादसे में संगीता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल को स्थानीय अस्पताल से जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया था, लेकिन डॉक्टरो ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर शव का पीएम कराया। और दुर्घटना करने वाले छोटे हाथी की तलाश शुरू कर दी है।

# संभलकर चल भाई, चालान कट जाएगा

## शहर में प्रवेश करने वाले ग्रामीणों को रहता हैं भय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यातायात पुलिस को यातायात के नियम लागू करने के संबंध में बताया व सिखाया जाता है और लोगों को सड़क हादसों से बचने के नियम की जानकारी भी देनी होती है। कुछ दिनों पूर्व एसपी यातायात ने एसपी सिटी के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए हाईवे पर नो-हेलमेट, नो-हाईवे के बोर्ड लगाए थे।

यहां तक की यह आदेश भी पारित किए गए कि नो-हेलमेट, नो- पेट्रोल। यानि के बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा और नही बिना हेलमेट को कोई हाईवे पर सफर करेगा, लेकिन ऐसे नियमों को भुलकर यातायात के पुलिसकर्मी बस शहर को चारो ओर से घेरकर गांव कस्बो से शहर में प्रवेश करने वाले सीधे-सीधे ग्रामीणों के चालान काटने की कार्यवाही में लगी रहती है।

यह तो खुल कर नहीं कहा जा सकता, के यातायात के कुछ पुलिसकर्मी चालान काटने का डर दिखाकर या कोई भी कमी बताकर उगाई करते है और न ही ऐसा कोई सबुत है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसी चर्चा आए दिन बनी रहती है। रूड़की रोड सीएमओ ऑफिस के निकट अस्पताल तिराहा, नावल्टी चौक, मीनाक्षी चौक और महावीर चौक, चौक तो बहुत है कहां तक गिनती करे बस यातायात पुलिस की कार्यवाही देखकर खुद अंदाजा लगाया जा सकता है कि यातायात पुलिस यहां खड़े होकर कैसी कार्यवाही करती है? यदि अधिकारी सादी वर्दी में या सिविल ड्रेस में दो पहिया वाहनों पर या रिक्शा में बैठकर लिए गए चौक की ओर घुमे तो सच्चाई सारी सामने आ जाएगी कि यातायात के पुलिसकर्मी किस तरह की कार्यवाही करते है।

# दुर्गा अष्टमी और श्रीराम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया

## महागौरी की विशेष पूजा अर्चना में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर लिया भाग, बैण्ड बाजों के साथ निकाली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी और श्री राम नवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विशेष पूजा-अर्चना की गई वही सनातन धर्म सभा भवन में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म लीला का दर्शन कर पुष्प वर्षा की तथा बैंड बाजा के साथ श्री रामनवमी शोभा यात्रा निकाली। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की तथा श्रद्धापूर्वक मां भगवती के स्वरूप के रूप में कन्या ऑन की पूजा कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया कन्याओं को उपहार भी दिए गए।

शहर के प्रमुख देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया था। माता के दरबार में फूलों की आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने आरती की और जयकारे लगाए। कई स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

दुर्गा अष्टमी के अवसर पर घर-घर में कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए, माथे पर तिलक लगाया और उन्हें आसन पर बैठाकर पूड़ी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाया। कन्याओं को उपहार और दक्षिणा भी दी गई।

कई परिवारों ने इसी दिन अपने नौ दिनों के नवरात्रि व्रत का समापन किया। महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-शांति की कामना की।

जिले की 115 साल पुरानी संस्था सनातन धर्म सभा भवन में आज रामनवमी पर भूमि आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जन्म लीला के दर्शन कर पुष्प वर्षा की तथा श्री राम के जयकारे लगाए इस दौरान अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप के प्रतिनिधि के रूप में सभासद राजीव शर्मा मनोज वर्मा शोभित गुप्ता आदि ने श्री राम की आरती वंदना की तथा संस्था पदाधिकारी शिवचरण गर्ग साधुराम गर्ग छत्तीसगढ़ नवीन गुप्ता अजय तायल नवीन अग्रवाल आदि को बि्वास दिलाया कि बहुत जल्द सनातन धर्म सभा सहित अन्य धार्मिक संस्थाओं से पालिका कर वापस ले लेगी जिसका प्रस्ताव बोर्ड बैठक के बाद कमिश्नर को भेजा जा चुका है जैसे ही उसकी स्वीकृति मिलेगी कर वृद्धि वापस ले ली जाएगी। दोपहर बाद बंद बाजा और झांकियां से युक्त भव्य श्री रामनवमी शोभायात्रा नगर क्षेत्र में निकाली गई इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे जगह-जगह पर शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया तथा चारों भाइयों की आरती उतार कर प्रसाद भी वितरित किया गया । बाजारों में भी पूजा सामग्री, फल, मिठाई और प्रसाद की खरीदारी के लिए दिनभर चहल-पहल रही। श्रद्धालुओं का मानना है कि दुर्गा अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और घर में सुख, शांति तथा समृद्धि आती है। मुजफ्फरनगर में इस पर्व ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और पारंपरिक संस्ख्रति को भी प्रदर्शित किया।

### तलवार लहराने का आरोपी दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** सार्वजनिक स्थान पर तलवार रहने का मामला युवक को बड़ा महंगा पड़ गया। जैसे ही तलवार रहने की वीडियो वायरल हुई वैसे ही पुलिस ने आरोपी को दबोचकर सलाखों के पीछे डाल दिया।

नई मंडी पुलिस का कहना है कि 25 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही थी जिसमें एक कुछ युवक इकट्ठा दिखाई पड रहे है और एक युवक सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराता दिखाई पड रहा है।

जिससे आरोपी असामाजिक कृत्य कर रहा है और इससे आम जन में भय व असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने इस मामले में रिंकू पुत्र रामसंजीवन निवासी सैनिक विहार को गिरफ्तार कर लिया।

# कथा सुन रही महिला की चेन तोड़ी

## नई मंडी पुलिस आरोपी युवक की कर रही है तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाला जी धाम मंदिर में चल रही कथा के दौरान श्रद्धालु महिला के पीछे खडे युवक ने गले से सोने की चैन साफ कर दी। पीछा करने पर भीड ने आरोपी को दबोचा, लेकिन वह छुटकर फरार हो गया। अब पुलिस ने तहरीर लेकर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है।

दक्षिणी सिविल लाइन निवासी व्यापारी अपनी पत्नी के साथ विगत दिवस शाम के समय बालाजी धाम मंदिर में कथा सुनने के लिए पहुंचे थे। कथा सुनने के बाद पति-पत्नी शाम करीब सवा सात बजे जब महिला अन्य श्रद्धालु महिलाओं के साथ बैठी थी इसी बीच पीछे खडे युवक ने उनके गले से चैन को साफ कर दी। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि गले में पडे चैन सोने की थी और वह ढाई तोले की थी।

कुछ देर बाद महिला को चैन छुने का एहसास हुआ और उसने पीछे खडे युवक को देखा तो उसके गले से चैन गायब हो चुकी थी। महिला का कहना है कि उसके पीछे एक युवक खडा था और जब महिला ने शोर मचाया तो एक आरोपी मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि कुछ लोगों ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह भीड का फायदा उठाते हुए दूर तक दौड़ा, लेकिन आसपास खडे लोग और यहां मौजूद श्रद्धालु उसका पीछा करते रहे। बताया जाता है कि आरोपी ने भागते समय महिला की तोडी गई चैन अपने साथी को दे दी थी इसके बाद भीड युवक का पीछा करती रही और उसे दबोच लिया, लेनिक एक बार फिर वह भीड के चंगुल से छुटकर फरार हो गया। पुलिस को बताया गया कि आरोपी की पहचान अनुज निवासी गऊशाला रोड नई मंडी बताई।

पीडित व्यापारी से तहरीर लेकर मामले को दर्ज किया और यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की। फुटेज के आधार भी आरोपी की पहचान हो गई है अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

# लड़की से मिलने पहुंचे युवक की धुनाई, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के एक गांव में अपनी मित्र से मिलने पहुंचे युवक की जमकर धुनाई हुई। लड़की के परिजन युवक को एक स्थान पर ले गए और उसकी खासी खबर ली। इसमे मामला यह है कि आरोपियों ने मारपीट की वीडियो बनाई और उसको खुद ही वायरल कर दी। वायरल वीडियो में युवक की डण्डों से पिटाई, थप्पडों की मार साफ दिखाई पड रही है। यह मामला जब थाने पहुंचा तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जाता है कि कस्बा खतौली का रहने वाला युवक विगत दिवस अपनी मित्र लडकी से मिलने मंसूरपुर के एक गांव मे पहुंच गया। मामला उस वक्त गंभीर बन गया जब मुलाकात से पहले ही युवक लडकी के परिजनों के हथों चढ़ गया। आरोपी युवक को एकांत में ले जाकर उसकी धुनाई की गई वीडियो वायरल में युवक हाथ जोडकर रहम की भीख मांग रहा है, लेकिन आरोपी की लगातार धुनाई की जा रही है। मारपीट के बाद युवक अपने घर पहुंचा और परिजनों को जब घटना बताई तो परिवार के लोग मंसूरपुर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ खतौली का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था और अब इस मामले में तीन लोगों को जेल भेज दिया गया, जबकि बाकि लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।






# विदेश से ईद मनाने आया ठगी का आरोपी दबोचा

## जैविक खाद देने के नाम पर करोड़ों रुपये ऐठने का है आरोप, 25 हजार का भी है ईनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने 25 हजार के ऐसे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है जो फर्जी वाडा करने के बाद विदेश भाग गया था। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है उक्त आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक प्राइवेट कम्पनी बनाकर लोगों से करोडो रूपये ऐंठे थे। आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल ,पांच सिम, लेपटॉप और पासपोर्ट बरामद किया गया है।

सिविल लाइन पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके थाने में करोडों की ठगी का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें राजकुमार पुत्र स्व. गजेन्द्र पाल सिंह निवासी इन्द्रा कॉलौनी ने तहरीर देकर बताया था कि हाजी इकराम पुत्र स्व. नजीर हसन निवासी मांझीपुर बेहट सहारनपुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्टेप फर्मिंग इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के नाम से एक फर्म बनाई और इसी के आधार पर जैविक वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने का झांसा देकर लोगों से लाखों की ठगी की। जब रूपया वापस मांगा गया तो पीड़ितों को धमकी दी गई। पुलिस ने हाजी इकराम के साथी जुनैद अंसारी पुत्र इस्तेखार अहमद निवासी ग्राम ढंढेरा रूडकी हरिद्वार और खालिद अंसारी पुत्र मुस्तफा निवासी गंगोह सहारनपुर को गिरफ्तार किया था, जबकि हाजी इकराम घटना के समय से ही फरार चल रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी हाजी इकराम कानून से बचकर विदेश भाग गया था जहां पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। आज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से लेपटॉप, मोबाइल, सिम आदि बरामद किया। पुलिस का कहना है कि पकडा गया आरोपी अपने साथी जुनैद और खालिद के साथ मिलकर एक प्राइवेट कम्पनी बनाकर लोगों को जैविक खाद बर्मी कम्पोस्ट बनाने का झांसा देकर लोगों से करोडों की ठगी कर चुका था हाल में वह ईद मनाने परिवार में आया था, लेकिन पुलिस के हथे चढ़ गया। सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि आरोपी कई अन्य थानों से भी फरार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध अन्य मामले भी दर्ज किए जाएगे और उन पर कड़ी कार्यवाही होगी।

## गैस संकट पर ओटीपी समस्या से लोग परेशान

**मीरापुर।** नगर में इन दिनों गैस की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे आम लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि उपभोक्ताओं के मोबाइल पर गैस बुकिंग के लिए ओटीपी तक प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं, जिसके चलते लोग सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे। मजबूरी में कई परिवारों को परंपरागत चूल्हों पर लकड़ी जलाकर भोजन बनाना पड़ रहा है।

मीरापुर कस्बे में एचपी और इंडेन गैस की दो प्रमुख एजेंसियां हैं, लेकिन दोनों ही स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडर पूरी तरह से गायब बताए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस निकालकर कमर्शियल सिलेंडरों में भर रहे हैं, जिससे सरकार की व्यवस्था को ठेंगा दिखाया जा रहा है और आम उपभोक्ताओं के लिए संकट और गहरा होता जा रहा है। इस गैस संकट का असर केवल घरों तक सीमित नहीं है, बल्कि शादी-विवाह और अन्य समारोह भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। भूमिया मंदिर के महंत योगी श्यामनाथ ने बताया कि कई दिनों से मंदिर में गैस उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उनके शिष्य लकड़ी के चूल्हों पर भोजन बनाने को मजबूर हैं। वहीं उनके शिष्य भोलानाथ ने भी बताया कि लंबे समय से एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारु किया जाए और अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# नौ दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन समारोह



**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर (आईटीआई) के अटल सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल , जिला पंचायत अध्यक्ष डॉव वीरपाल निर्वाल एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

इस अवसर पर माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई गति दे रहा है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत, व्यवसायिक, रोजगार आदि हर क्षेत्र मे विकास किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार में लगातार विकास हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा किमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों का उत्थान एवं विकास कर रही है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने नौ दिवस में किए विभिन्न कार्यक्रमों से कराया अवगत । राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण श्रीवास्तव ने सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को टूल किट तथा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 03 बालक बालिकाओं को लैपटॉप, खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 02 पौप्कोर्न बनाने वाली मशीन एवं उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत लाभार्थीयो को टूल किट,का वितरण किया गया कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया सूचना विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के संबंध में गणमान्य नागरिकों को किया गया प्रचार साहित्य वितरण तथा सांस्कृतिक दल द्वारा गीत नाट्य प्रस्तुत किया तथा विभिन्न विद्यालय की छात्राओं के द्वारा किया गया गीतव व नाट्य प्रस्तुत आईटीआई प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई, चित्र प्रदर्शनी/ स्टॉल में अपने अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जन सामान्य को जानकारी उपलब्ध करायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न स्टॉल का माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण अधिकारी श्री शक्ति सरन श्रीवास्तव द्वारा अवलोकन किया गया।

## युवक किशोरी को लेकर फरार

**बुढ़ाना।** एक युवक अल्पसंख्यक समुदाय की एक नाबालिग किशोरी को उसके परिजनों की गैर मौजूदगी में मौका पाकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। फुगाना पुलिस ने किशोरी के परिजनों की तहरीर पर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे। गांव डुंगर निवासी एक ग्रामीण ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि मेंने अपनी पुत्री का निकाह सारूक पुत्र कल्लू निवासी उमरपुर के साथ करीब छह महीने पहले कर दिया था लेकिन मेरी पुत्री की आयु कम होने के कारण आना जाना नही किया था क्योंकि मेरी लडकी नाबालिक थी। मे अपने परिवार सहित कोल्हू व भट्टे पर कार्य करता हूं और मेरी पुत्री निकाह के बाद से ही मेरे साथ ही रह रही है। विगत दिवस की सुबह मेने देखा मेरी लडकी घर पर नही थी। हमने अपनी रिश्तेदारी मे फोन के द्वारा पता किया लेकिन कही पता नही चला।

# 76वें वार्षिकोत्सव में निकली भव्य शोभायात्रा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बड़ा बाजार स्थित श्री ठाकुरद्वारा में श्रीराम संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में श्रीराम नवमी का 76वां वार्षिकोत्सव धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। हिंदू नववर्ष संवत 2083 के शुभ अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा नगर राममय हो गया।

गुरुवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। संगीतमय भजन-कीर्तन, श्रीराम जन्मोत्सव का विशेष गायन और मुख्य आरती ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लेकर चरणामृत और प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजों के साथ निकली यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें राम दरबार, भारत माता, बाला. जी, मां दुर्गा और गणेश भगवान एवम मिशाइल की सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह- जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैभव मुद्गल ने किया। आयोजन समिति में प्रधान दुष्यंत कुमार (अन्नू), मंत्री ऋषि पटेल और कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार (जेनरेटर वाले) की प्रमुख भूमिका रही। इस दौरान अंकित तायल, आकाश तायल, पंडित श्री निवास शर्मा, चौधरी केहर सिंह, अर्जुन सिंह सहित नगर के अनेक गणमान्य लोगों एवं व्यापारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



# मां भगवती जागरण और श्री राम जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** खतौली में धार्मिक आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां एक ओर सिद्ध पीठ श्री दुर्गा मंदिर, दुर्गापुरी में मां भगवती का 138वां विशाल जागरण भव्य रूप से आयोजित हुआ, वहीं दूसरी ओर होली चौक स्थित श्री राम मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दोनों ही आयोजनों में क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

दुर्गापुरी स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित जागरण में दूर-दराज से आए भक्त देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे।

हरियाणा के कैथल से पहुंचे श्री सोनू चंचल एंड पार्टी ने मां भगवती के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना और ज्योति प्रज्वलन का कार्य सम्पन्न कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों और भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

वहीं, अष्टमी के पावन अवसर पर राम मंदिर में मां की पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। इसी क्रम में होली चौक स्थित श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः हवन-पूजन से हुई, जिसके बाद प्रभु संकीर्तन में भक्तों ने भजनों पर झूमकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। दोपहर 12 बजे श्री राम के जन्मोत्सव पर दिव्य दर्शन कराए गए, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिव्य दर्शन के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारियों, महिला संकीर्तन मंडल, युवा कमेटी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। दोनों आयोजनों ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि क्षेत्र में एकता, उत्साह और भक्तिभाव का अद्भुत संदेश भी दिया। पूरे दिन और रात चले इन धार्मिक कार्यक्रमों ने खतौली को भक्ति के रंग में रंग दिया।

# कुल 26 रक्तदाताओं ने कैम्प में किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के महावीर तिराहे के समीप एक स्थान पर बृहस्पतिवार के दिन लगे रक्तदान शिविर में कुल 26 रक्तदाताओं ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। सूर्य उदय जन कल्याण समिति के तत्वाधान में लगाए गये इस शिविर में रक्तदाताओं को डोनेट कार्ड और ठंडी फूटी के साथ साथ उपहार भी भेंट किए गये।

इस दौरान इस शिविर का उद्घाटन बुढ़ाना नगर पंचायत के सभासद नितिन शर्मा ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों लोगों की मोजूदगी में फीता काटकर किया और खुद भी ब्लड डोनेट करते हुए अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान आमतौर पर हर 90 दिनों में किया जा सकता है। शरीर में 48 घंटे में तरल पदार्थ और करीब 6 सप्ताह में लाल रक्त कोशिकाएं पूरी तरह से बन जाती हैं। सुरक्षित रक्तदान के लिए पुरुषों को 12 सप्ताह और महिलाओं को 16 सप्ताह का अंतराल रखना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है बल्कि यह शरीर को नई रक्त कोशिकाएं बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से सहयोग कराने वालों में डाक्टर इकबाल अहमद, निधि, राशिद अहमद, शिवानी और आदित्य कुमार आदि स्टाफ भी उपस्थित रहा।



## मुठभेड़ में लुटेरा जख्मी

**बुढ़ाना।** सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में रतनपुरी पुलिस ने एक बदमाश को गोली मारकर पकड़ लिया। रतनपुरी पुलिस टीम के साथ रायपुर नंगली हाईवे पुल के निकट बदमाशों के साथ मुठभेड हो गई। जहां पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार देते हुए उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम इन्तजार उर्फ मोटा पुत्र इरफान उर्फ फांडे निवासी ग्राम भनवाडा थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर बताया। घायल बदमाश को उपचार हेतु सीएचसी खतौली भिजवाया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के बारे में रतनपुरी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त थाना रतनपुरी पर पंजीकृत मुकदमें में गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। इस पर आधा दर्जन से भी अधिक मामले दर्ज हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री श्रीमती समरा मेरे कहने-सुनने में नहीं है, आए दिन मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई झगड़ा करती रहती है, इसलिए मैंने अपनी पुत्री श्रीमती समरा से संबंध विच्छेद कर इसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

मौ0 रागिब पुत्र मौ0 मोबीन निवासी- म0नं0 561, कस्बा बघरा, थाना तितावी, जिला मुजफ्फरनगर।

## NOTICE

Sh. Satyapal Goutam S/o Sh. Jeevanlal Goutam R/o 829/7 Khalapar Yogendrapuri Muzaffarnagar execute a registered agreement to sale in favour of Sh. Samiuddin S/o Sh. Rifkudeen & Smt. Gulrej Sami W/o Sh. Samiuddin all R/o 610 Khalapar (Rehmatnagar) Muzaffarnagar which is registered at Book No. 1, Vol. No. 1 101 Pages 235 to 242 at Sr. No. 2330 Dated 19.03.2003 Sub Registrar Muzaffarnagar (Area 125.40 Sq. Mtr.)

## Name Change

I MOHD UVESH ANSARI S/O MUSTAKEEM AHMAD R/O VILLAGE GOPALI PO.DEOBAND District SAHARANPUR have changed my name to MUHAMMAD UVESH ANSARI.

## पत्रकार को जान से मारने की धमकी, ब्लैकमेल कर वसूली का आरोप

**खतौली।** नगर में मीडिया कर्मियों के उत्पीड़न के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा प्रकरण में एक पत्रकार ने एक युवक और उसके सहयोगियों पर जान से मारने की धमकी देने तथा झूठी शिकायतों के जरिए ब्लैकमेल कर धन उगाही का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला सद्दीक नगर निवासी पत्रकार परवेज आलम पुत्र शकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नगर का एक युवक लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि उक्त युवक और उसकी पत्नी द्वारा उसके खिलाफ उच्च अधिकारियों को बार-बार झूठी शिकायतें भेजी जा रही हैं, जिससे उसकी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है और उसे मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी युवक कथित तौर पर ब्लैकमेलिंग में लिप्त है और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सम्मानित लोगों के खिलाफ फर्जी शिकायतें कर दबाव बनाता है तथा मोटी रकम की मांग करता है। आरोप है कि युवक अपने रिश्तेदारों के माध्यम से भी धमकियां दिलवा रहा है। पत्रकार ने आशंका जताई है कि आरोपी साजिद और उसके सहयोगी किसी भी समय उसके साथ अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। आरोपितों की तलाश की जा रही है, जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 4 स्थानों पर हुई ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की मीटिंग

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की 04 बैठकें एक ही दिन में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव भसाना में सरफराज अहमद के आवास पर, गांव अलीपुर अटेरना में प्रीतम सिंह के आवास पर, गांव पलड़ी में जफरयाब राणा के आवास पर और कस्बा शाहपुर में खलील ठेकेदार के आवास पर हुई। जिसमें इन सभी चारों बैठकों में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोरदार चर्चा हुई।

चारों गांवों के जिम्मेदार लोगों द्वारा मिलकर आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी का विस्तार किया गया। जिसमे इरफान चौधरी को जिला मुजफ्फरनगर का सचिव, सरफराज अहमद को विधानसभा अध्यक्ष बुढ़ाना, आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के उलेमा प्रकोष्ठ में इलियास सैफी को विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र का संरक्षक व मौहम्मद जलालुदीन को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यहां पर सभी ने आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के प्रति अपनी आस्था जताई और आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया और गर्मजोशी से नारे लगाते हुए कहा गया कि हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा, सद्भावना से राज चलेगा। हम सब का यही संकल्प है भाईचारे को बढ़ाना है और नफरत को मिटाना है।

आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी को बुढ़ाना विधानसभा पर विजयी बनाना है। जिसमें बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। आप सभी से हमारी अपील है कि आप सद्भावना और न्याय की इस लड़ाई में आवाम ए हिंद पार्टी का साथ देकर राव नदीम एडवोकेट के हाथो को मजबूत करने और अपना आशीर्वाद देकर मजबूत करें ताकि आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी का शहीदों के सपनों को साकार करने का सपना पूरा हो। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रमपाल कश्यप, आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट सलीम राव, मौहम्मद अली जैदी, आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष हाफिज करीमुद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## सार्वजनिक सूचना

मैने दिनांक 6 दिसम्बर 2017 को अपने पुत्र ऐजाज व उसकी पत्नी श्रीमती चांदबीबी से सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। मेरा पुत्र ऐजाज व उसकी पत्नी श्रीमती चांदबीबी मेरी व मेरे परिवार के कहने सुनने में है और पिछले कई वर्षों से मेरी सेवा कर रहे है। अब मुझे अपने पुत्र ऐजाज व उसकी पत्नी चांदबीबी से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। ऐजाज व उसकी पत्नी चांदबीबी मेरी सम्पत्ति में ही रह रहे है। मैं दिनांक 6.12.2017 में बेदखल किये गये ऐजाज व उसकी पत्नी चांदबीबी की सूचना को खंडित करता हूं। अब ऐजाज व उसकी पत्नी चांदबीबी, अन्य परिवार के सदस्यों के साथ कानूनी वारिस है, इनका हक व हिस्सा मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्ति में रहेगा तथा मेरी मृत्यु के बाद भी इनके समस्त हक व अधिकार रहेंगे।

**अब्दुल सलाम पुत्र श्री रफीक अहमद**
**निवासी- हाजीपुरा सरवट**
**थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर।**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ.आयान मेरे कहने सुनने में नहीं है आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने मौ.आयान से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने मौ.आयान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। मौ.आयान स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वकील पुत्र जामिल उर्फ जमील**
**निवासी 337, मौहल्ला कोटला**
**कस्बा व थाना मीरांपुर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में हुआ कार्यक्रम



**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद डॉक्टर इसमपाल के निर्देशन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वालजी, कार्यक्रम संयोजक भाजपा के जिला महामंत्री संजय गर्ग जी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेलनगर डॉ रिम्पल चौधरी व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय यूनानी चिकित्सालय डॉ अर्जुन सिंह एवं चतुर्थ श्रेणी शहजाद अहमद,जिला कार्यक्रम प्रबंधक अयूब ने कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# ड्रगिस्ट एसोसिशन कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखेगा समस्याएं



**मुजफ्फरनगर।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन महासम्मेलन से करेगा आगाज योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री व ड्रग विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष रखेगा दवा व्यापारियों की समस्याएं

मुजफ्फरनगर कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज़िला परिषद मार्केट के प्रांगण में प्रमोद मेडिकल एजेंसी पर एक सभा का आयोजन किया गया । जिसमें जिले के समस्त दवा व्यापारियों के साथ कैमिस्ट महा सम्मेलन आयोजन करने पर विचार-विमर्श किया गया ।

जिसमें जनपद के सभी कैमिस्ट साथियों को आमंत्रित किया जाएगा। जिसमें कैमिस्टों की हर समस्या का समाधान कराने की कोशिश की जाएगी।

जिसमें ड्रग विभाग के उच्चाधिकारियों व कैबिनेट मंत्री को आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर मुख्यत: जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान, संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, दिव्य प्रताप सोलंकी, सतीश तायल, मुकेश सोम, मनोज गर्ग, संजीव वर्मा, पंकज तनेजा,काकु आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत फतेहपुर खेडी विकास खण्ड बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक: मेमो./अस्थायी. गोवंश. स्थल. हस्तांतरण/2026-27 दिनांक 26.03.2026

**-अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फतेहपुर खेडी, वि.ख. बुढ़ाना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल हेतु भूमि का चिन्हांकन व हस्तांतरण के सम्बन्ध में यदि कोई स्वयंसेवी संस्था पशु आश्रय स्थल स्थापित करने हेतु लीज पर भूमि की मांग करे तो सरकारी भूमि लीज पर नही दी जाएगी किन्तु संस्था द्वारा आश्रय स्थल के पशुओ की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। 30.03.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि 30.03.2026 को 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का स्वयंसेवी संस्था विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बन्धित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | ग्राम सचिव |
|---|---|
| ग्राम पंचायत फतेहपुर खेडी | ग्राम पंचायत फतेहपुर खेडी |
| वि.ख. बुढ़ाना, मु.नगर | वि.ख. बुढ़ाना, मु.नगर |

# दिव्यांशु हत्याकांड पर 3 अप्रैल को देहरादून में पंचायत की घोषणा

**भोपा।** क्षेत्र के गांव अथाई में दिव्यांशु की शोक सभा में विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने हत्या के खिलाफ कड़ा रोष जताते हुए आगामी 3 अप्रैल को देहरादून में न्याय पंचायत आयोजित करने की घोषणा की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई में छात्र दिव्यांशु की शोक सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर घटना की कड़ी निंदा की। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आगामी तीन अप्रैल को देहरादून एसएसपी कार्यालय पर न्याय पंचायत आयोजित करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांशु की बेरहमी से हत्या की गई है, जिससे समाज में भारी रोष व्याप्त है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा।बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चौहान ने कहा कि इस मामले को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी।

उन्होंने घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि यदि शिक्षा के लिए बाहर भेजे गए बच्चे ही सुरक्षित नहीं हैं, तो यह प्रशासन की गंभीर विफलता है।अखिल जाट महासभा मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष बृजवीर चौधरी ने इसे समाज की लड़ाई बताते हुए सभी से एकजुट रहने का आह्वान किया और कहा कि आरोपियों को सजा दिलाकर ही चौन लिया जाएगा। रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल देहरादून प्रशासन से वार्ता करेगा। सदर ब्लाक प्रमुख अमित पंवार ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं और अभिभावकों में भय पैदा करती हैं। शोक सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, मोरना ब्लाक प्रमुख अनिल राठी, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनू चौधरी, चीनी मिल संघ डायरेक्टर देवेंद्र चौधरी, कृष्णपाल राठी, सुप्रिया पाल, धर्मवीर बालियान, अजय सिंह जटराना, आदित्य जटराना सहित कई गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।सभी ने दिव्यांशु के बाबा हरवीर सिंह, पिता अमित और भाई लक्षित जटराणा को सांत्वना देकर दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।



भोपा:अथाई में दिव्यांशु की मौत पर परिवार को सांत्वना देते राकेश टिकैत।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला जज ने किया सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर ।** जनपद न्यायाधीश बीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज दिव्या भार्गव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. सतेंद्र चौधरी, मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट, कविता अग्रवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थ मिश्रा एवं जिला प्रोबेशन अधिक.



ारी, संजय कुमार अधिकारी उपस्थित रहे। संस्था में निरुद्ध किशोरों से समस्याओं की जानकारी ली गई तथा पूर्व निर्देशों के क्रम में अनुपालन की जानकारी ली गई, निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी मोहित कुमार, सहायक अध्यापक सहित समस्त स्टाफ व सुरक्षा बल मौजूद रहा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**छपार।** छपार रोहाना मार्ग पर एक अज्ञात कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। चरथावल निवासी याकूब छपार में अपनी रिस्तेदारी में आया था वहां वापस बाइक से चरथावल जा रहा था। छपार – रोहाना मार्ग पर शराब के ठेके के निकट सामने से तेजगति से आई कार ने जोर से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया।

### फाईनेन्स कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप

**छपार।** एक फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारियों ने शराब पीकर अपने साथी की लात घुसो व डंडे से पिटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। गांव बरला में फ्यूजन फाइनेंस कम्पनी है उसमें थाना बुढ़ाना के गांव दुर्गनपुर निवासी आशीष ट्रेनिंग पर आया था। बृहस्पतिवार की रात्रि में नौ बजे वह कमरे पर अपने साथी दिनेश के साथ सोया था। आरोप है कि कम्पनी के तीन कर्मचारी दीपक, अंकुर व संदीप शराब के नशे में कमरे में आये ओर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उन्होंने लात घुसो व डंडे से पिटाई की जिससे वह लहुलूहान हों गया वहां मौजूद उसके साथी की भी पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आशीष को उपचार के लिए भेज दिया। घायलों ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है।

### कन्या पूजन प्रोग्राम का हुआ सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** पावन चौत्र नव रात्रि के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में स्थित शिक्षण संस्था कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में सपा के टिकट पर जोरों शोरों से विधानसभा का चुनाव लड़ने की फुल तैयारी में लगे डाक्टर सत्येंद्र पाल ने यहां अपने संबोधन में कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन केवल एक परंपरा ही नही बल्कि नारी शक्ति के सम्मान, आदर और संरक्षण का संदेश देने वाला पवित्र संस्कार भी है। छोटी छोटी कन्याओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास माना जाता है इसलिए उनका पूजन कर हम समाज में नारी के महत्व और सम्मान को स्वीकार करते हैं। इस अवसर पर यहां सभी कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं उपहार प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सुख–समृद्धि की कामना की गई। डाक्टर सत्येंद्र पाल के अनुसार यह कार्यक्रम हम सभी को यह प्रेरणा देता है कि बेटियों का सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मां दुर्गा से प्रार्थना है कि सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और समाज में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें। इसलिए बेटियों को बचाने के साथ साथ अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा भी दिलाएं क्योंकि यही सच्चे समाज के निर्माण का रास्ता है। इस दौरान यहां पर सैंकडों गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### नकली करैंसी बनाने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

**बुढ़ाना/फुगाना।** फुगाना पुलिस के अनुसार उन्हें कुछ लोगों से सूचना मिली कि गौरव पुत्र मुनेश कुमार, अभय सिहं पुत्र सतीश कुमार निवासीगण ग्राम जीतपुर और अंकित कुमार पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम रूहासा थाना दौराला जनपद मेरठ का एक गैंग है। जिसका गैंग लीडर गौरव, अभय सिंह तथा अंकित कुमार उपरोक्त गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। यह गैंग अपने तथा अपने परिवार के लिये आर्थिक व भौतिक लाभ हेतु नकली करेंसी बनाने के उपकरण द्वारा नकली करेंसी तैयार कर असली के एवज में बेचने जैसा अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित करता हैं। बीते वर्ष 10 दिसम्बर को मेरे द्वारा उपरोक्त गैंग का गैंगचार्ट तैयार कर द्वारा उचित माध्यम प्रेषित किया गया था। जिसे जिला मजिस्ट्रेट को अनुमोदित किया गया। उनकोध्तब अनुमोदितशुदा गैंगचार्ट प्राप्त हुआ। जिसे दाखिल किया गया। उपरोक्त गैंग का जनता में इतना भय व्याप्त है कि इस गैंग के विरुद्ध जनता का कोई भी व्यक्ति गवाही देने व अभियोग लिखाने का साहस नहीं करता है। इनके ख्रत्यों से जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ। लोक व्यवस्था छिन्न–भिन्न हुई है। यह गिरोह जनपद स्तर पर सक्रिय है। इसलिए इनके विरुद्ध कार्यवाही की गयी है।

### नवरात्र महोत्सव पर कन्या पूजन

**मीरापुर।** नवरात्र महोत्सव के अवसर पर कस्बे में भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। व्रतधारियों ने विधि–विधान के साथ कन्याओं का पूजन कर अपने व्रतों का पारायण किया। सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में देवी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी और हलवे का प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। एक सप्ताह से चल रहे नवरात्र महोत्सव के तहत दुर्गाष्टमी पर मां महागौरी का विशेष पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर उनका पूजन किया, उन्हें भोजन कराया और उपहार व दक्षिणा देकर विदा किया। श्रीराम मंदिर मीरापुर में प्रतिदिन भजन–कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जो राम नवमी को दोपहर 12 बजे विश्राम करेगा। इसके बाद राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा और 27 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कस्बे के सिद्धपीठ काली मंदिर में भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं महाभारत कालीन शीतला माता मंदिर और सिद्धपीठ योगमाया मंदिर में भी सुबह–शाम विशेष पूजा–अर्चना और आरती की गई। इस अवसर पर सभी मंदिरों को फूल–मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया।

### हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**मोरना।** कम्हेड़ा गांव निवासी व्यक्ति की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। करीब एक माह तक कोमा में रहने के बाद उसने बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया,व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी 38 वर्षीय शान आलम पुत्र हुसैन अहमद बुढ़ाना थाना क्षेत्र में एल्युमीनियम की पाइपलाइन बिछाने का कार्य करता था। बीते 22 फरवरी को वह बुढ़ाना थाने की बायवाला चौकी क्षेत्र में बड़ौत मार्ग पर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में ले गए, जहां वह कोमा में रहा।परिजनों के अनुसार, हालत में सुधार न होने पर बुधवार को उसे घर ले आये। बृहस्पतिवार को शान आलम ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।गमगीन माहौल में परि. जनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी गुलशाना, पुत्र समीर 9, अलीम 7, पुत्री अलविरा 5 तथा बहन अंजुम व तबस्सुम को रोता–बिलखता छोड़ गया है।

# मंत्री ने सड़क पर अचेत पड़े व्यक्ति को अस्पताल पहुंचवाया

**मुजफ्पफरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल का काफिला रुड़की रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान उनकी नजर सड़क पर एक व्यक्ति पर पड़ी, जो अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मंत्री ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और स्वयं अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचकर व्यक्ति की स्थिति का जायजा लिया।

मंत्री कपिल देव ने बिना समय गंवाए संबंधित अधिकारियों व सहयोगियों को निर्देशित करते हुए अचेत व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही, चिकित्सकों को उसके बेहतर इलाज के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।इस दौरान मंत्री कपिल देव ने मौके पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी भी ली तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं में तुरंत सहायता पहुंचाने की अपील की। उनकी इस त्वरित और संवेदनशील पहल से मौके पर मौजूद लोगों में सराहना का माहौल देखने को मिला।मंत्री कपिल देव अग्रवाल की यह मानवीय पहल एक बार फिर यह दर्शाती है कि वे जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित हैं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

# सम्राट अशोक जयंती पर उठी अवकाश घोषित की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलमासपुर स्थित लक्ष्मी मैरिज होम में संयुक्त हिंदू महासंघ और शिव सेना के तत्वावधान में सम्राट अशोक जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सम्राट अशोक के जीवन, शासनकाल और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गोष्ठी में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, व्यापारी नेता सुनील तायल और ख्रष्णगोपाल मित्तल भी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समा. जसेवी राकेश सैनी एडवोकेट ने की, जबकि संचालन संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी और शिव सेना के मीडिया प्रभारी बसंत कश्यप ने किया

वक्ताओं ने सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक ने अपनी वीरता और दूरदर्शिता से अखंड भारत की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने उनके शासन को आदर्श बताते हुए समाज से उनके विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर संयुक्त हिंदू महासंघ और शिव सेना के पदाधिका. रियों ने राज्य मंत्रि कपिल देव अग्रवाल और भाजपा नेता गौरव स्वरूप से दो प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने नगर में सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापित कराने और उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की।कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ–साथ सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इनमें डॉ. योगेंद्र शर्मा, अखिलेश जाटव, बागेश अग्रवाल, राजेश कश्यप, लोकेश सैनी, पुष्पेंद्र



सैनी, शेंकी शर्मा, संजय गोयल, वीरेंद्र त्यागी, हरीश पालीवाल, शालू सैनी, गीता गुर्जर, सुनीता मलिक, कल्पना ठाकुर, शालिनी शर्मा, नेहा गोयल, संगीता चौधरी, श्रीपाल जैन, अभिषेक गुर्जर, सतीश कुकरेजा, अमित, सुधा वाल्मीकि, प्रमोद, डॉ. शिव कुमार, यशकुमार बुढ़ाना, आशीष शर्मा, अंकित बालियान, प्रदीप कोरी, विशाल सिंघल, राजकुमार सैनी, सूरज मिश्रा, सोनू कुमार और संजय कौशिक जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सम्राट अशोक के आदर्शों को अपनाने और समाज में एकता व सद्भाव बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

# सेठपुरा मां काली मन्दिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** ग्राम सेठपुरा माँ काली के मदिर में नवरात्रो के सातवे नवरात्र में श्रद्धालु भक्तो द्वारा मॉ भगवती की सातवी विराट महान मॉ काली की विशेष पूजा अर्चना के लिए उमडी आस्था की भीड ने माँ काली को चुनरी और श्रृंगार का सामान समर्पित कर हलवा पूरी का भोग लगाकर मन्नते मांगी गई है ।

पुरकाजी लक्सर मार्ग छभ 334 । हाईवे पर लगभग डेढ कि . मीटर पर स्थित ग्राम सेठपुरा में ब्रिटिश साम्राज्य मैं स्थापित प्राचीन मॉ मंदिर का निर्माण1957 में हुआ था जिसका सन 2009 मे पुन नव निर्माण कराकर मंदिर को भव्य रूप दिया गया था जहा वर्ष मे चौत्र और अश्विन में मां भगवती



केपतित पावन नवरात्रों में दो बार मां भगवती की सातवीं महान और विराट शक्ति महाकाली की विशेष पूजा आज तक की जाती हैइसके अलावा प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को भी मंदिर में माता की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है।

कहा जाता है जो भक्त श्रद्धालु सच्चे मन और श्रद्धा पूर्वक मां की चौखट परजाता है मां काली उनकी सभी मन्नते पूरी करती है चौत्र मास के पतित पावन नवरात्रों के सातवें नवरात्र को श्रद्धालु भक्तों द्वारा मा भगवती की सातवीं महान और विराट शक्ति मां काली की पूजा अर्चना करमां कालीको चुनरीऔर श्रृंगार का सामान समर्पित कर हलवा पुरी का भोग लगाया गयातथा अपने–अपने परिवारों के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं की गई है ।

# महापंचायत में गरजे टिकैत: गांवों में नहीं घुसने देंगे स्मार्ट मीटर

**चरथावल।** ब्लॉक प्रांगण में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की एक विशाल पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर हुंकार भरी। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवद्गा चौधरी राकेश टिकैत और राष्ट्रीय महासचिव राजवीर जादौन के मुख्य अतिथि में आयोजित इस पंचायत में बिजली विभाग, जर्जर सड़कों और आवारा पशुओं का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर गांवों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा किसानों को नोटिस भेजकर दर्ज कराए जा रहे फर्जी मुकदमों को तुरंत बंद करने की मांग की।

भाकियू के एनसीआर अध्यक्ष विकास शर्मा ने पंचायत के मंच से किसानों को बड़ी राहत दी। उन्होंने घोषणा की कि ग्राम चोकड़ा में एक महीने के भीतर और ग्राम कूल्हेड़ी में अगले चार महीनों में नई सहकारी समितियां (कोऑपरेटिव सोसाइटी) का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। पंचायत के दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य कामिल त्यागी और मास्टर आरिफ सहित दर्जनों लोगों ने संगठन की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाकियू की सदस्यता ग्रहण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर शर्मा ने की और संचालन राजेंद्र भगत ने किया।इस विशाल पंचायत में अभिषेक बंसल, शीलू त्यागी, संजय त्यागी, धीरज लाठियान, मोनू प्रधान, कपिल सोम, सचिन चौधरी, कपिल खतियान, मोहित शर्मा, परविंदर ढाका, पवन



त्यागी, संजय प्रधान, नीटू त्यागी, साबू पुंडीर, बलिस्टर कुमार, रामकुमार, हरिओम त्यागी, सरफराज त्यागी, सलीम पुंडीर, बृजपाल राणा और कुशल पाल प्रधान सहित भारी संख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे। टिकैत की चेतावनी बिजली विभाग किसानों का उत्पीड़न बंद करे। फर्जी मुकदमों और स्मार्ट मीटर के नाम पर होने वाली लूट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान अपने हक के लिए सड़क पर उतरने को तैयार है।

38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप....

# बालक वर्ग में यूपी ने दिल्ली को किया पराजित

- तीसरे दिन प्री क्वार्टर और क्वार्टर खेले गये मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के तीसरे दिन का बृहस्पतिवार को सफलतापूर्वक तरीके से समापन हुआ। प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्री क्वार्टर और क्वार्टर फ़ाइनल के मैच भी खेले गए।

जिसमे बालक वर्ग एवं बालि. का वर्ग में अनेक रोमांचक मुकाबले खेले गए। क्वार्टर फाइनल मे आनी वाली टीमों में बालक वर्ग मे हरियाणा राज्य की टीम, आंध्र प्रदेश की टीम, दिल्ली राज्य की टीम, उत्तर प्रदेश की टीम, महाराष्ट्र राज्य की टीम, कर्नाटका राज्य की टीम, हिमाचल राज्य की टीमें और चंडीगढ़ की टीम ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई जबकि बालि. का वर्ग मे क्वार्टर फाइनल मे आने वाली टीमों में पोंडिचेरी राज्य की टीम, नई दिल्ली राज्य की टीम, छत्तीसगढ़ राज्य की टीम, बिहार राज्य की टीम, हरियाणा राज्य की टीम, गुजरात राज्य की टीम, पंजाब राज्य की टीम और राजस्थान राज्य की टीम ने भी क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। बालक वर्ग मे उत्तर प्रदेश की टीम नेघ नई दिल्ली राज्य की टीम को 34– 22 से परा. जित करते हुए सेमी फाइनल मे अपनी जगह बनाई। इस दौरान यहां पर मानव सेवा धर्म प्रचार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित जोगेंद्र शास्त्री समेत अन्य सैंकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थित रही।



बुढाना:प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी।

### अज्ञात चोर ने युवक का पर्स किया साफ

**बुढ़ाना/भौरांकला।** अज्ञात चोर ने एक युवक का पर्स ही साफ कर दिया। इस मामले में पुलिस ने युवक की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानक. ारी के अनुसार अर्जुन सिंह पुत्र धर्मपाल निवासी जनपद शामली ने भौरांकला पुलिस को विगत दिवस एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मैं भौराकलां गांव के बाजार में कुछ फल लेने रुका था। जैसे ही मै मार्केट में पहुंचा तो मैंने पैसे देने के लिये अपना पर्स निकालना चाहा तो मेरी जेब से पर्स गायब था। किसी ने मेरा पर्स चोरी कर लिया था। काफी आसपास तलाश करने पर भी नही मिला। अर्जुन ने भौरांकलां पुलिस से अपने पर्स को बरामद किए जाने की मांग की है। उधर भौरांकला पुलिस ने पीड़ित अर्जुन की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी है।

# गांव इटावा में आर्य समाज भवन का हुआ लोकार्पण

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव इटावा में बृहस्पतिवार के दिन आर्य समाज भवन चौगामा क्षेत्र का भव्य लोकार्पण समारोह बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

बीती मंगलवार के दिन से शुरु होकर लगातार तीन दिनों तक चला यह समारोह वास्तव में बहुत ही सुन्दर रहा। बहुत ही उच्च कोटि के विद्वानों के द्वारा यहां पर यज्ञ, भजन एवं प्रवचन के माध्यम से सभी श्रदालुओं को वेदो के अनुसार जीवन कैसे जियें यह बहुत ही सुन्दर तरीके से समझाया गया। आर्य सन्यासी स्वामी सत्यवेश द्वारा पाखंड और नशाखोरी से बचने की भी सलाह यहां पर सभी को दी गयी। अंत में यहां पर इसके अलावा वैदिक भजन उपदेशक सोमपाल आर्य, भूपेन्द्र आर्य और घनश्याम प्रेमी के द्वारा महर्षि दयानन्द जी एवं



क्रांतिकारी भारत माता के सपूतों पर भजन सुनाकर सभी श्रदालुओं को आत्ममुग्ध कर दिया गया। कुल मिलाकर यह भव्य कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक साबित हुआ। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आर्य समाज इटावा के संरक्षक मास्टर महक सिंह, प्रधान सुशील आर्य, उप प्रधान प्रमोद आर्य, मन्त्री एवं कार्यक्रम संचालक मदन राठी, उदयवीर राठी, प्रेम सिह वैधवान, आर्य समाज बुढाना के प्रधान प्रवीण राणा हीरो होंडा एजैंसी बड़ौत रोड बुढ़ाना, शामली विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी, उत्तर प्रदेश की पूर्व सरकार के पूर्व मन्त्री चौधरी योगराज सिंह सहित आर्य समाज इटावा के सब पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे।

# कॉमर्शियल गैस सप्लाई ठप, घरेलू सिलेंडरों पर बढ़ा दबाव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में कामर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति पिछले 22 दिनों से बंद होने के चलते हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इसका सीधा असर अब आम घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। घरेलू गैस की मांग में अचानक उछाल आने से लोगों को समय पर सिलिंडर नहीं मिल पा रहा और परेशानी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में बड़े पैमाने पर घरेलू गैस सिलिंडरों का उपयोग किया जा रहा है। इससे आम उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस कम पड़ रही है और बाजार में कृत्रिम संकट की स्थिति बन गई है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, जहां घरेलू गैस सिलिंडर की निर्धारित कीमत करीब 920 रुपये है, वहीं कालाबाजारी में यह 1500 से 2000 रुपये तक बेचा जा रहा है। बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिससे उनमें रोष भी देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में तीन इंडियन गैस और एक भारत गैस एजेंसी सहित कुल चार एजेंसियां संचालित होने के बावजूद स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। हालांकि गैस एजेंसी संचालक कमी से इनकार कर रहे हैं। भारत गैस एजेंसी के मैनेजर असलम का कहना है कि प्रतिदिन 700 से 800 सिलिंडरों की बुकिंग हो रही है और सभी उपभोक्ताओं को आपूर्ति दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और समय पर गैस बुकिंग कराने की अपील की है। साथ ही बताया कि



कामर्शियल सिलिंडरों की सप्लाई उच्च स्तर से बाधित है, जिसके लिए विभाग को पत्र भेजकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई है। उधर, स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि होटल और ढाबों में घरेलू गैस सिलिंडरों के दुरुपयोग की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## हसनपुर लुहारी गांव में बनेगा बैडमिंटन कोर्ट, विधायक निधि से 25 लाख की मिली मंजूरी

- सत्संग भवन के पास ग्राम पंचायत की भूमि पर होगा निर्माण।
- युवाओं को मिलेगा खेल का बेहतर मंच।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधानसभा क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। रालोद के थानाभवन विधायक अशरफ अली खाँ की विधायक निधि से गांव में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना पर करीब 25 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान हैस

प्रस्तावित बैडमिंटन कोर्ट हसनपुरलुहारी गांव में स्थित 500 गज का युवक मंगल दल (खेल का मैदान) है, यह भूमि सत्संग भवन के पास नहर से सटी हुई है, जिससे यह स्थान खिलाड़ियों के लिए सुविधाजनक और उपयु क्त माना जा रहा है। इस जगह पर खेल कोर्ट के लिए निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अब तक खेल के लिए कोई विशेष सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिससे युवाओं को अभ्यास के लिए बाहर जाना पड़ता था।

बैडमिंटन कोर्ट बनने से स्थानीय युवाओं को न केवल खेल का बेहतर मंच मिलेगा, बल्कि उनकी प्रतिभा को भी निखारने का अवसर मिलेगा। विधायक अशरफ अली खाँ ने कहा कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल है और इस तरह के कार्यों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक का आभार जताया है।

# पालिका बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स से मिली राहत

### चेयरमैन के निर्णय से हजारों मकान मालिकों को मिलेगा योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली की बोर्ड बैठक में नगरवा. सियों को हाउस टैक्स में बड़ी राहत देने का अहम फैसला लिया गया। चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिससे हजारों मकान मालिकों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।



पालिका सभागार में आयोजित वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम बोर्ड बैठक में कुल 25 में से 23 सभासदों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर की जनता को कर संबंधी राहत प्रदान करना था। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि पिछले कुछ समय से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी को लेकर लोगों में असंतोष था और लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत नगर के सभी वार्डों को दो श्रेणियों 'अ' और 'ब' में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही सड़कों की स्थिति और महत्व के आधार पर उन्हें चार अलग-अलग भागों में बांटकर हाउस टैक्स की नई दरें तय की गई हैं। इससे टैक्स निर्धारण अधिक पारदर्शी और न्यायसंगत बनने की उम्मीद है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संशो. धित स्वकर निर्धारण प्रणाली को लागू करने के लिए गजट प्रकाशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। खास बात यह है कि नए हाउस टैक्स बिल जारी होने के बाद दो महीने तक किसी भी प्रकार का अधिभार (सरचार्ज) नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा, समय पर कर जमा करने पर मिलने वाली छूट भी दो माह तक जारी रहेगी, जिससे लोगों को अतिरिक्त राहत मिलेगी। इस फैसले का बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने स्वागत किया। चेयरमैन ने इसे जनता की जीत बताते हुए कहा कि यह निर्णय लोगों से मिले सुझावों और शिकायतों के आधार पर लिया गया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर के विकास कार्यों, प्रमुख मार्गों के सुधार, नालों की सफाई और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक के दौरान सभासदों को अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखने का अवसर भी दिया गया, जिन पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी विना. द कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान हाजी साजिद, अजीत निर्वाल, नीरज देवी, अरविन्द खटीक, राजीव गोयल, प्रमोद जांगिड, गुलजार मंस. ूरी, सेठपाल जांगिड, आशीष गुप्ता, तोहिद रहमानी, शाहिदा मंसूरी, अनिल उपाध्याय और निशीकांत संगल सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपदभर में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात थाना कैराना पुलिस टीम गश्त और चेकिंग के दौरान शामली बाईपास फ्लाईओवर से होते हुए भूरा मार्ग की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर अचानक दिशा बदलकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे जगनपुर बंबे की पुलिया के पास दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम शहनवाज उर्फ शाहरुख उर्फ कटप्पा पुत्र शकील निवासी मोहल्ला आलकलां, कैराना बताया हैं। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके पर ही तमंचे की जांच की, जो चालू हालत में पाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध तमंचा किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था, हालांकि वह उसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। गिरफ्तारी और बरामदगी की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की गई। पुलिस ने मौके पर ही तमंचा और कारतूस को कब्जे में लेकर सील किया तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की जांच की जा रही है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक यशपाल सिंह सोम, उप निरीक्षक संजय पूनिया, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज और कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे। जिन्होंने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को सफल बनाया।

# गन्ने के खेत में तेंदुए की आहट से मचा हड़कंप, ग्रामीणों में दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने गन्ने के खेत में तेंदुआ देखे जाने की सूचना दी। सूचना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने खेतों की घेराबंदी कर तेंदुए की तलाश शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मोनू पुत्र धीरज सिंह सुबह गन्ने के खेत में पानी देने जा रहा था। जैसे ही वह खेत के पास पहुंचा, उसने सामने एक तेंदुआ बैठा हुआ देखा। यह देख वह घबरा गया और चुपके से पीछे हटकर गांव पहुंचा तथा अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित होकर खेतों की ओर पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने भी तेंदुए को देखने की बात कही, जिससे इलाके में दहशत और बढ़ गई।

ग्रामीणों ने एहतियातन गांव में मुनादी कर लोगों से अपने छोटे बच्चों और पशुओं को बाहर न छोड़ने की अपील की, क्योंकि तेंदुए के हमले का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर खेतों का घेराव करते हुए तेंदुए की तलाश की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना बिडौली पुलिस चौकी को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। वहीं, वन विभाग के रेंजर अधिकारी को फोन कर सूचना देने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द टीम भेजकर क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने की मांग की है, ताकि संभावित खतरे को टाला जा सके।

### शीतल गढ़ी के जंगल में तेंदुआ देखे जाने की सूचना निकली गलत:टीम तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बिडोली-यमुना खादर क्षेत्र में खेत में गए किसानों द्वारा तेंदुआ देखे जाने की खबर मिली है। जिससे एक बार फिर इस क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों में दहशत बन गई है। सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचे जांच पड़ताल की। फिलहाल जंगलों में देखने के लिए वन विभाग की टीम तैनात कर दी गई है। बिडोली क्षेत्र के गांव शीतल गढ़ी के जंगलों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर ग्रामीण भी जंगल में पहुंच गए। सचिन शीतल गढ़ी, प्रमोद शीतल गढ़ी, रविन्द्र कुमार बताया कि उनके खेतों में तेंदुआ देखा गया है जो पैरों को आगे करके लंबाई में बैठा हुआ था। इस संबंध में वन रेंजर ख्रष्णकांत ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम भेजी गई थी। मगर वहां तेंदुआ होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। हां नीलगाय के पैरों के निशान जरूर पाए गए हैं। मगर ग्रामीणों की सुरक्षा और एहतियात को देखते हुए वन विभाग की टीम देख रेख के लिए क्षेत्र में तैनात कर दी गई है।

## व्यापारी को दिया 10 लाख का ब्याज रहित चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे वैश्य समाज के लोगों को सहारा देने के उद्देश्य से वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन द्वारा व्यापारी पंकज मित्तल को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता शामिल हुए। उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था सेवा और सहयोग की भावना से कार्य कर रही है और उद्यमियों के सहयोग से पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक संस्था का 1000 करोड़ रुपये का फंड तैयार करने का लक्ष्य है। इस दौरान वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की योजनाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यापारियों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का आहवान किया। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में कई लोग सूदखोरों के चंगुल में फंसकर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, जिससे आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। ऐसे में इस प्रकार की ब्याज रहित सहायता समाज के लिए एक बड़ी राहत है। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यापारी नेता अंकित गोयल ने किया। वहीं भाजपा नेता राहुल गुप्ता ने सभी वर्गों के लिए आयोग गठन की मांग उठाई। बताया गया कि इससे पहले कांधला कस्बे में आगजनी से प्रभावित व्यापारी को भी इसी योजना के तहत ब्याज रहित ऋण का चेक दिया जा चुका है।

कार्यक्रम का आयोजन पूर्व चेयरमैन राकेश गोयल के आवास पर किया गया, जहां कैबिनेट मंत्री के पहुंचने पर उनका माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। हालांकि मंत्री ने वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए देश की प्रगति पर प्रकाश डाला।







# दुर्गा अष्टमी के पर्व पर देवी मंदिरों में दिखा श्रद्धालुओं का सैलाब

### कन्याओं के जिमाने के साथ ही खोला गया व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी (महा अष्टमी) का पर्व नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी और श्रृंगार का सामान अर्पित करते हुए परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

नगर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवी मंदिर मां आठे वाला में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। यहां तड़के करीब चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह होते-होते मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जो मंदिर से निकल. कर ठाकुर द्वारा तक पहुंच गईं। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी भक्तिभाव से कतारों में खड़े होकर माता रानी के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेककर अपनी मनोकामनाएं मांगीं और प्रसाद स्वरूप हलवा-पूरी, नारियल तथा चुनरी अर्पित की। इसके अलावा नगर के श्री मंदिर हनुमान धाम, श्री बड़ी माता मंदिर, वैष्णोदेवी मंदिर और श्री चौदस वाला देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दुर्गा अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने मां महागौरी की विशेष आराधना की। कई भक्तों ने पूरे नौ दिन व्रत रखे, जबकि कुछ ने केवल अष्टमी और नवमी का व्रत किया। परंपरा के अनुसार लोगों ने कन्या पूजन कर छोटी बालिकाओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद ही श्रद्धालुओं ने अपना व्रत खोला। मंदिरों के अलावा मोहल्लों में भी भक्ति का माहौल देखने को मिला। महिला कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन कर मां दुर्गा का गुणगान किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। शाम के समय शिवम पांडे द्वारा आठे वाला देवी मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों के चलते नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

- दुर्गाष्टमी पर रंगाना गांव में मेले एवं भंडारे का आयोजन
- बुधवार को पूरे गांव में माता रानी की प्रतिमा को कराई गई थी परिक्रमा

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर अष्टमी के अवसर पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला नगर के प्रसिद्ध देवी भवन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी महिला, पुरुष और बच्चों ने पूरे उत्साह और श्र द्धा के साथ माता रानी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, नारियल, फल-फूल और प्रसाद अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। अष्टमी के दिन विशेष रूप से कन्या पूजन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में छोटी-छोटी कन्याओं को माता स्वरूप मानकर उनका पूजन किया, चरण धोए और उन्हें आदर पूर्वक भोजन कराकर उपहार भेंट किए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने व्रत विधिवत रूप से पूर्ण किए। देवी भवन मंदिर थाना भवन क्षेत्र में प्राचीन समय से ही श्रद्धा और आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है। दूर-दराज के गांवों और कस्बों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर की मान्यता को लेकर स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी की पैदल यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु पहले थाना भवन स्थित देवी मंदिर में झंडा चढ़ाकर यात्रा की शुरुआत करते हैं, जिससे इस स्थल का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। अष्टमी और नवमी के मौके पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन व समिति के सदस्यों ने भी पूरा सहयोग किया। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। इस पावन अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि थाना भवन का देवी भवन मंदिर न केवल स्थानीय बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी गहरी आस्था और बिवास का प्रमुख केंद्र है।



**झिंझाना संवाददाता के अनुसार** नगर एवं देहात क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी पर्व श्रद्धा आस्था और वि श्वास के साथ मनाया गया। घरों में कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। उधर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन, पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। कस्बे के राम श्याम दुर्गा मंदिर में अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। समापन अवसर पर मंदिर में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। पुरोहित और विद्वान पंडित वीरेंद्र शर्मा ने विधि-विधान के साथ समापन कराया। 24 घंटे के लिए रामचरितमानस का पाठ बुधवार को शुरू हुआ था। लोगों ने अपनी अपनी शैली में रामचरितमानस को पढ़ा ,जो रात भर चलता रहा और बृहस्पतिवार दोपहर पाठ पूरा होने पर आरती के साथ समापन हुआ। महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। माता शाकुंभरी देवी मंदिर पर महामाई का दर्शन ,पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। निकटवर्ती गांव रंगाना स्थित दुर्गा मंदिर पर मेले के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंदिर के पुरोहित आकाश शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में मंदिर में पहुंचकर माता का दर्शन कर प्रसाद और आशीर्वाद ग्रहण किया। वही दूसरी ओर पावन नवरात्रों के समय में मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना के साथ-साथ उपवास रखे गए और दुर्गा अष्टमी और नवमी पर आज एक ही दिन में मनाते हुए इस अवसर पर रंगाना गांव से बाहर देवी मंदिर में गत कई वर्षों की तरह इस बार भी मेंले एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर भाग लिया।घ और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गत कई वर्षों की तरह इस बार भी रंगाना गांव से बाहर करीब 1 किलोमीटर पश्चिम में स्थित देवी मंदिर में नवरात्रों के समय पर पूजा अर्चना चलती रही और आज दुर्गा अष्टमी और रामनवमी इकट्ठा होने की वजह से हवन पूजन किया गया। इस अनुष्ठान को यहां के प्रमुख सेवादार पंडित राहुल शर्मा द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। पं. ओम प्रकाश शर्मा व राहुल शर्मा के खेत में बने इस मंदिर में पिछले करीब 20 वर्षों से नवरात्रों के मौके पर मेले एवं भंडारे का आयोजन होता आया है। इस बार भी आज विधि विधान से मेला और भंडारे का कार्यक्रम संपंन हुआ। इस मौके पर पुलिस की भी अच्छी खासी व्यवस्था देखने को मिली। इससे पहले दिन बुधवार को माता रानी की प्रतिमा को लेकर गांव रंगाना में ढोल बाजे के साथ परिक्रमा संपंन की गई थी।

# 29 मार्च को जनपद में क्रिकेट ट्रायल का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सत्र 2026-27 के लिए क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

इस संबंध में जिला क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और रणजी ट्रॉफी के ट्रायल 29 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल का आयोजन शामली क्रिकेट एकेडमी, करनाल रोड, महावीर एन्क्लेव के पास किया जाएगा, जहां खिलाड़ियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इसके बाद अंडर-19 वर्ग का ट्रायल सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। अंडर-23 वर्ग के खिलाड़ियों को दोपहर 3 बजे मैदान में बुलाया गया है, जबकि रणजी ट्रॉफी के लिए इच्छुक खिलाड़ियों का ट्रायल शाम 4:30 बजे से शुरू होगा। विनय कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर ही उनका चयन किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले मैदान पर पहुंचें और अपने साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म की रसीद तथा आधार कार्ड अवश्य लेकर आएं, ताकि ट्रायल प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के ट्रायल से जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त हो सकता है। खिलाड़ियों और अभिभावकों में ट्रायल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ट्रायल से जनपद की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल पाएगा।

**सूचना**

**जनपद शामली के कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बाबरी, बनत व जलालाबाद में संवाददाताओं के आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे। अनुभवी को वरियता दी जाएगी।**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443**

**कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# अष्टमी व नवमी पर कन्याओं का पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चैत्र माह के पावन नवरात्रि पर्व पर आज दुर्गा अष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुट गए और घर-घर में विधि-विधान के साथ कन्या पूजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई तथा उन्हें हलवा-पूरी व काले चने का प्रसाद खिलाकर उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

कई स्थानों पर बालिकाओं की खोज के लिए लोगों को विशेष प्रयास करने पड़े, क्योंकि अधिकांश घरों में पहले से ही कंजिकाएं बैठाई जा चुकी थीं। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और आस्था का वातावरण बना रहा। पूरे दिन कन्या पूजन का सिलसिला जारी रहा, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। वहीं, क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भी दुर्गा अष्टमी और महानवमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगीं और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की।नगर में कन्या पूजन और महागौरी की आराधना श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। भक्तों ने कन्याओं को साक्षात देवी का स्वरूप मानकर उनके पैर धोए, तिलक लगाया, मौली बाँधी और हलवा-पूरी व चने का भोग अर्पित किया, साथ ही आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि की कामना की।



**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे दिन मंदिरों में भारी भीड़ रही। भंडारे भी आयोजित किए गए। चैत्र मास के नवरात्रों का गुरूवार को अधिकतर परायण हो गया। दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही, दुर्गा अष्टमी पर्व पर विशेष पूजा अर्चना की गई। राम बाग, महादेव कुटी, शिव चौक, काली मंदिर पीठ बाजार, भुवनेश्वरी पंचायती मंदिर, गांव दूधला स्थित मां षांकुभरी देवी मंदिर, माता वैष्णों देवी धाम, ककराली स्थित देवी मंदिर सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की दिन भर भीड़ रही। अधिकांश लोगों ने छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन करा व्रतों का परायण कर दिया। अनेक स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए। माता वैष्णो देवी मंदिर में माता के नौ स्वरूपों की पूजा की गई इसके बाद उनकी आरती उतारी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

दुर्गा अष्टमी के साथ ही नगर मे एक पखवाड़ा तक चलने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। शुक्रवार को दुर्गा नवमी के साथ व्रत समाप्त हो जाऐंगे। राम जन्म उत्सव मनाने को विभिन्न मंदिरों की सजावट पूरी हो गई है।

# जैन समाज ने निकाली जल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज द्वारा आयोजित छह दिवसीय वार्षिक रथयात्रा महोत्सव के चौथे दिन दिल्ली रोड स्थित जैन बाग से श्रद्धा और उत्साह के साथ जल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिय।

प्रातः भगवान के अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके पश्चात आचार्य श्री के मंगल प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही मनोकामना सिद्धि विधान का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने विश्व शांति की कामना की।दोपहर जैन बाग से जल कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ।महोत्सव का मुख्य आकर्षण रात्रि आयोजित श्एक शाम प्रभु पारस के नामश भक्ति संध्या रही। भजन सम्राट मयूर जैन ने अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।



इस दौरान मनोज जैन, डॉ. राजेश जैन, संजय जैन, निपुण जैन, अभिषेक जैन, विजय जैन, अरविंद जैन, शशांक जैन, सचिन जैन, अनुराग जैन, प्रदीप जैन, पवन जैन, विजय जैन, अभिषेक जैन, नमन संतोष जैन, राहुल जैन, अशोक जैन आदि मौजूद रहे।

## करंट लगने से युवक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ग्राम बेगी नाजर में करंट लगने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने तुरंत एक निजी चिकित्सक में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

बताया कि अलाउद्दीन पुत्र फैयाज निवासी कुंडा खुर्द बिजली कार्य के दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत गंगोह के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले ही बिजली विभाग से सीट डाउन लिया था, इसके बावजूद भी लाइन को चालू कर दिया गया, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया।

# बाइक चोरी की घटना का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** थाना नकुड़ पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बाइक चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।



बीते दिनों नगर के मोहल्ला महादेव निवासी मुकेश कुमार की मोटर साइकिल चोरी होने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी। नवनियुक्त थानाध्यक्ष सुरेश कुमार की पुलिस टीम ने बुधवार देर रात गश्त के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर सरसावा तिराहे के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सागर पुत्र उदयवीर निवासी झबीरन व हारुन पुत्र याकूब निवासी मोहल्ला बंजारान कस्बा नकुड़ के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराओं की वृद्धि करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रधान शावेज आलम ने लगाई चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जैसे जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे है तो ग्राम पंचायत चुनाव को देखते हुए मौजूदा ग्राम प्रधानों द्वारा अपने वोटरों एवं समर्थकों की पंचायत करते हुए गावो में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताकर अपने पक्ष में लगे हुआ है। गुरुवार को विकास खंड साढ़ोली कदीम क्षेत्र के गांव सलेमपुर गदा के ग्राम प्रधान शावेज आलम एडवोकेट ने अपने कैम्प कार्यालय मे पंचायत चौपाल लगाकर करके गांव के लोगो की जन सुनवाई की जन सुनवाई के बाद लोगो की समस्याओं का मौके पर जाकर निस्तारण भी कराया गया



सलेमपुर गदा के ग्राम प्रधान शावेज आलम ऐडवोकेट ने ग्रामीणों की समस्याओ की निस्तारण को लेकर गम्भीर रहते है वह ग्राम चौपाल मे गांव के ग्रामीणों की जन सुनवाई करते है। गांव की साफ सफाई व्यवस्था , ,पानी की एवं विधवा एवं वृद्धा वस्था पेंशन, राशन कार्ड आवास आदि की जन समस्याओं की जन सुनवाई करते हुए उनका ब्लाक और जिला मुख्यालय पर जाकर निस्तारण भी कराते है।ग्राम चौपाल के दौरान ग्राम प्रधान शावेज आलम ऐडवोकेट ने कहा कि उनका मकसद है अपने गांव के लोगो की जो समस्या है उनका समय रहते निस्तारण कराना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने गांव मे रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए है। आज गांव में सभी वर्ग के लोग गांव मे शान्ति और आपस मे भाईचारे के साथ रहते है उन्होंने बिना भेद भाव के चलते गांव की गलियों मे साफ सफाई, सीसी रोड पानी की टंकी शौचालय आवास पेंशन, आवास आदि योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को पहुंचने का काम किया है।

इस दौरान पूर्व प्रधान सईद रावत, बीडीसी मुन्तजिर,मुकर्रम इमाद अहमद बुरहान असलम, बाबू,सुनील, नरेश, कासिफ, अमजद, परवेज आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# मौ.असलम को विशिष्ट सेवा पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** आरपीएफ रेलवे विभाग में सहायक सुरक्षा आयुक्त के पद पर तैनात मोहम्मद असलम को विशिष्ट सेवा पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने खुशी का इजहार किया है।



रामपुर मनिहारान निवासी मोहम्मद असलम पुत्र स्वर्गीय मुंशी खालिद कोलकाता में सहायक सुरक्षा आयुक्त के पद पर तैनात हैं।मोहम्मद असलम को कोलकाता में कर्तव्य निष्ठा तथा अच्छे आचरण के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इससे पूर्व इनको मैत्री पुरस्कार, जी.एम पुरस्कार, डीआरएम पुरस्कार तथा और अन्य कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।मोहम्मद असलम की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों सहित पूर्व चेयरमैन शहाबुद्दीन अहमद,पूर्व चेयरमैन अनिल अग्रवाल, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद अय्यूब, काजी अब्दुल बासित, आबिद हसन ,सांसद प्रति. निधि खलील अहमद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नक्षत्र पँवार, आस मोहम्मद सैफी, नूर रामपुरी,नासिक नजमी, मौलाना शमशीर कासमी,मौलाना आसिफ नदवी,किसान नेता मुजीबुर्रहमान इदरीसी,वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# अवैध छप्पर रोकने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए पीड़ित के प्लॉट पर अवैध रूप से छप्पर डालने से विपक्षी को रोके जाने की गुहार लगायी।

गांव सालीरी निवासी प्रेमचंद पुत्र हरनाम सिंह ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव सालीरी में पीड़ित का 75.1 वर्ग गज का प्लॉट है। जिसे बेचने के लिए पीड़ित का विपक्षी सुभाष पुत्र धर्मसिंह निवासी ग्राम सालीरी से एक लाख सैंतीस हजार आठ सो रूपये में सौदा तय हुआ था। विपक्षी द्वारा पीड़ित को चालीस हजार रुपये देकर स्टाम्प पर एग्रीमेंट तैयार कराया गया था। आरोप है कि विपक्षी ने एग्रीमेंट में प्लॉट की पूरी रकम आदा करनी लिखवा दी थी। पीड़ित को घर आकर इस बात का पता चला और उसने विपक्षी से इस सम्बन्ध में बात की।

विपक्षी ने पीड़ित से माफी मांगते हुए बकाया रकम प्लॉट का बैनामा कराते समय देने की वादा किया। आरोप है कि काफी समय बीत जाने पर विपक्षी से बकाया रकम देने व प्लॉट का बैनामा कराने को कहा गया तो वह आजकल का बहाना बना कर टाल मटोल करता रहता है। पीड़ित ने इसके लिए विपक्षी को अपने वकील के माध्यम से एक नोटिस भी भेजा।

आरोप है कि विगत 18 मार्च को विपक्षी ने उक्त प्लॉट पर कब्जा करते हुए बिना बैनामा कराये अवैध रूप से छप्पर डालना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर विपक्षी ने गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की की।

पीड़ित का शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने बामुश्किल बचाया। पीड़ित ने डॉयल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गुरुवार को आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए। इस मौके पर विद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमिता चौधरी, प्रबंधक अंकुर अग्रवाल, मैनेजर कुलदीप मित्तल एवं कोषाध्यक्ष निखिल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्रधानाचार्य अमिता चौधरी ने अपने संबोधन में कहा निरंतर परिश्रम और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थी आगे भी इसी प्रकार मेहनत करते रहें, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने बच्चों को लगातार प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

वेदान्शी, आकाश, रहबर, अनाया मित्तल, विराट, आरोहण, रितिका, अमन, तानवी, अदरिका, आशुतोष, आरव आदि उपस्थित रहे।

## छात्रा का एडिट फोटो डाला

**गंगोह।** इंटर कॉलेज की नाबा. लिग छात्रा के साथ अश्लील छेड़छाड़, एसिड अटैक की धमकी और सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर एडिट फोटों डालने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।

पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार उनकी 17 पुत्री कक्षा 12 की छात्रा है। जो पिछले कुछ समय से काफी डरी सहमी सी रह रही थी। काफी समझाने व पूछताछ पर मोहल्ले के एक युवक पर कुछ साथियों के साथ स्कूल आते-जाते समय अश्लील टिप्पणियां कसने व परीक्षा के दौरान अश्लील छेड़छाड़ की कोशिश करने और एसिड अटैक तक की धमकी दी।

# श्री रामायण का अखण्ड पाठ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के कंकरों वाले मंदिर में श्री सत्संग मंडल के तत्वावधान में श्री रामायण जी का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। पाठ प्रारंभ होने से पहले रामायण जी तथा नवग्रह का पूजन किया गया।



बृहस्पतिवार को सत्संग मंडल के अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र का गुणगान करने से मानव मन को आत्मिक शांति मिलती है। सत्संग मंडल द्वारा पिछले 33 वर्ष से लगातार 24 घंटे का अखंड रामायण जी का पाठ करता चला रहा है। उन्होंने बताया कि सत्संग मंडल द्वारा बच्चों की तीन वर्गों में धार्मिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उसका पुरस्कार वितरण भी रामायण के पाठ के समापन पर शुक्रवार को किया जाएगा।

पाठ प्रारंभ होने से पहले पंडित सोमनाथ शर्मा ने श्री रामायण जी तथा नवग्रह का पूजन कराया। पूजन श्याम कुमार सैनी तथा धर्मपाल गुप्ता ने किया। इस दौरान निशांक जैन, गौरव गुप्ता, नीलकमल गुप्ता, विकास सैनी, सुरेश गुप्ता, सिट्टू सैनी, सचिन सैनी, मीना गुप्ता, आशु सैनी, मास्टर दिनेश कुमार, नलनीश कुमार, शिव कुमार, अंकित आदि रहे।

# रिजल्ट पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार व लिटिल अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, दीपक सैनी व कोऑर्डिनेटर पारुल अग्रवाल ने पुष्प अर्पित किए। कक्षा प्ले से कक्षा आठ तक के अनमोल, दक्ष, आकृति, अनन्या, काव्या गर्ग, चिराग, कुश, अनुप्रिया तायल, रावी, देवांश वेदा, आर्या, नियती, अवि, हर्ष, सानवी, आस्था, लवी, अर्नव, अभिनव, लक्ष, विनायक, सिमरन, वैष्णवी, देव,




अक्षत, प्रगति, विहान, दीप्ती, वाणी आदि बच्चों ने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जो बच्चे कठिन परिश्रम करते हैं वे अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेते हैं। कक्षा अध्यापकों ने छात्रों को चॉकलेट देकर सम्मानित किया। उनके साथ सेल्फी भी ली गई, जिससे छात्रों का उत्साह बढ़ा। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल के समिति के अध्यक्ष मेघगोपाल गोयल, प्रबंधक राकेश तायल व कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, सुनील गर्ग ने फोन के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**सूचना**

**मैने अपने पुत्र मौहम्मद सुहैल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही है।**

**श्रीमती हमीदा बेवा शमशाद निवासी हिन्द काला. नी, निकट इण्डेन गैस गोदाम, बालपुर रोड थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।**

# कोर्ट के आदेश पर 12के खिलाफ मुकदमा

**■ जमीन बेचकर लोन का पैसा जमा न करने का आरोप, दाखिल खारिज के दौरान खुली मामले की पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जमीन बेचकर लोन का पैसा जमा न करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

पीड़ित दिलशाद, शहजाद व नौशाद पुत्र इरशाद निवासी टिमली देहरादून उत्तराखंड के प्रार्थनापत्र पर न्यायालय जे एम द्वितीय द्वारा आरो. पियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच करने के आदेश किये गए है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी बाबूखाँ पुत्र नेक मौहम्मुद, अफसर पुत्र बाबूखाँ, सजीर पुत्र बाबूखाँ, जरीना पत्नी बाबूखाँ, जुल्फुक्कार पुत्र बाबूखां, जियाउलहक पुत्र जुलफुक्कार, अफसर पुत्र नादिर, शाकिर पुत्र आरिफ, आरिफ पुत्र नानू, नादिर पुत्र अफसर, मोईन पुत्र अफसर व रजा पुत्र सजील समस्त निवासी गण ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना जिला सहारनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि उन्हें सहारनपुर में जमीन खरीदने की जरूरत थी। इसी के चलते उनकी मुलाकात आरोपियों से हुई थी। आरो. पियों ने उन्हें एक जमीन दिखाई और 71 लाख रुपये में सौदा तय कर लिया। तथा यकीन दिलाया कि उक्त जमीन पाक-साफ है तथा किसी प्रकार को कोई लोन जमीन पर नही है। पीड़ित का कहना है कि सौदा तय करने के बाद उन्होंने विपक्षियो को 27 लाख रुपये कानूनी प्रक्रिया के तहत दे दिए थे तथा बाकी रकम तय वक्त पर अदा करनी थी।

आरोप है कि इसी दौरान पीड़ितों को पता चला कि उक्त जमीन पर 50 लाख रुपये का लोन बाकी है। जो कि विपक्षियो ने पूरी रकम प्राप्त होने के बाद खुद जमा करने को कहा था। आरोप है कि पीड़ितों ने पूरी आरो. पियों को जमीन की पूरी रकम 71 लाख रुपये अदा कर देने के बाद बैनामा करा लिया और जब वह तहसील में जमीन का दाखिल खारिज कराने के लिए गए तो उन्हें पता चला कि लोन की रकम आज तक भी विपक्षियों द्वारा जमा नही कराई गई। आरोप है कि पीड़ित ने यदि इस बाबत आरोपियों से सम्पर्क किया तो उन्होंने कोई बात नहीं की। जिसके बाद पीड़ित को शक हुआ कि आरोपियों ने एक राय होकर उनके साथ बडा फरोड कर लिया।

आरोप है कि पीड़ित ने आरो. पियों के सामने जाकर उनके आगे हाथ जोडकर यदि अपना पैसा मांगा तो आरोपियों ने तैश में आकर उन्हे मां बहन की गंदी गंदी गालिया दी। लात घुस्सों व लाठीडण्डो से मार पिटाई की। तथा जान से मारने की नीयत से गोली भी चला दी।

पीड़ितों ने बामुश्किल किसी तरह अपनी जान बचायी और वहां से जान बचाकर भागना चाहा तो सभी आरोपियों ने उन्हें पकड लिया और एक साथ मिलकर उनके गले में रस्से डाल दिये और जान से मारने की नीयत से गला घोट दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर खेतों में आस पडोस में काम कर रहे लोगों ने उन्हें बचाया।

## तीन माह से ब्लेकमेल कर बच्ची से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** थाने के एक गांव निवासी नाबालिग बच्ची को ब्लेकमेल करके तीन माह से दुष्कर्म करने के आरोप में कोतवाली में दुसरे सम्प्रदाय के युवक को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पीडिता के चाचा द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि उसकी नाबालिक भतीजी कुछ दिनो से चुप चुप रहती थी, कोई सन्तोष जनक दवाब नहीं देती थी। 24 मार्च की रात में लगभग 2 बजे वह घर आई तो पूछताछ में उसने गांव के ही युवक पर शादी का लालच देकर उससे दुष्कर्म करता रहा और बदनाम करने और एसकी कमदिमाग मां को ब्लेकमेल करता रहा। जिस रात में वह घर वापस आई तो बुरी हालत में थी।

# अंबेहटा में शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गुरुवार को नवनियुक्त थानाध्यक्ष सुरेश सिंह और चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना ने भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में 27 मार्च को रामनवमी पर्व पर निकलने वाली शोभा यात्रा के पूरे रूट का विस्तृत निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने यात्रा मार्ग के हर महत्वपूर्ण पॉइंट पर रुककर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगरवासियों से भी बातचीत की और उनके सुझाव व जानकारी हासिल की।थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा, रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण व गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाए, इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।



चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना ने भी आश्वासन दिया कि यात्रा रूट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्ती से चौबीस घंटे निगरानी रखी जाएगी।

# श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में धूमधाम से मनाया श्री रामनवमी उत्सव

## श्री रामनवमी उत्सव पर निकाली शोभायात्रा में शामिल सुंदर झांकियां व बैंडबाजे आकर्षण का केंद्र रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद देवबंद के तत्वावधान में श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में श्री रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हुए वैदिक यज्ञ में आहूति देकर लोगों ने सुख स्मृद्धि की कामना की।

वैदिक यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य शिवकुमार और यजमान मेला चेयरमैन विपिन त्यागी रहे। कार्यक्रम में भजनोपदेशक शिवकुमार शास्त्री, सुरेंद्र आर्य, मुकेश आर्य व अमरेश आर्य ने सुंदर भजनों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन का चित्रण किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने भी रामायण की चौपाई, गीत व कविता प्रस्तुत की। मेला चेयरमैन विपिन त्यागी, श्याम कुमार अग्रवाल, चौधरी ओमपाल सिंह, डॉ. कल्याण सिंह, डॉ. अजब सिंह व मंजू शर्मा आदि ने विचार रखे। संयोजक जनेश्वर प्रसाद आर्य ने अतिथियों का आभार जताया। सभासद अजय गांधी, शिवराज आर्य, डॉ. सुरेंद्र कुमार, रणवीर सिंह एडवोकेट, बिजेंद्र शास्त्री, ईश्वर आर्य, अनिल त्यागी, सुशील जाटव, राजकुमार जाटव, सुभद्रा, स्नेहा टंडन आदि शामिल रहे। **उधर,** श्री रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य श्री रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल सुंदर झांकियां व बैंडबाजे आकर्षण का केंद्र रहीं। रेलवे रोड स्थित शिव विहार कॉलोनी से प्रारंभ हुई शोभायात्रा रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, शास्त्री चौक, नेचलगढ़, सुभाष चौक, मजनूवाला रोड होते हुए देवीकुंड स्थित श्री अन्नपूर्णा देवी मंदिर में पहुंची। वहां पर आयोजन समिति द्वारा भगवान श्रीराम को धर्म ध्वज अर्पित किया गया। शोभायात्रा के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने भंडारे का आयोजन किया साथ ही झांकियों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। समिति संस्थापक अध्यक्ष डॉ. लोकेश वत्स ने कहा कि भगवान राम का चरित्र हम सबके लिए प्रेरणादायी है। मुख्य संयोजक ठाकुर विरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान राम सर्वव्यापी हैं, इसलिए हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। स्तुति शर्मा, मुकुल गुप्ता व शुभम चौधरी ने भी विचार रखे। सचिव वीके कश्यप, रविंद्र कश्यप, विपिन अग्रवाल, विमल शर्मा, अखिलेश शर्मा, दीपांशु, प्रवीण कुमार, पृथु शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, अनुराधा शर्मा आदि शामिल रहे।






# दारुल उलूम में प्रवेश को आए छात्र को धमकी देने का वीडिया वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भगवा वस्त्रधारी एक व्यक्ति द्वारा टोपी कुर्ता पायजामा पहने एक युवक को धमकी दिए जाने का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। मामला दारुल उलूम देवबंद में प्रवेश के लिए आने वाले एक छात्र से जुड़ा है। उक्त छात्र ने वीडियो बयान जारी कर दारुल उलूम में इम्तिहान के लिए आने वाले छात्रों से एहतियात के साथ यात्रा करने और ऐसी बातों को नजरअंदाज करते हुए किसी के उकसावे में नहीं आने की अपील की है।

इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हुई। वीडियो में एक छात्र दारुल उलूम की नवीन लाइब्रेरी के सामने खड़े होकर कह रहा है कि हैदराबाद से देवबंद आने के लिए वह दिल्ली आया। इस दौरान एक शरारती तत्व ने उकसाने की कोशिश की कोशिश की ताकि हम उसे कुछ कहें और हमें जेल भेज दिया जाए। शरारती व्यक्ति ने उससे कहा कि तुम गाय की हत्या करोगे तो हम तुम्हारी हत्या करेंगे। छात्र ने दारुल उलूम में एडमिशन को आने वाले छात्रों से आह्वान किया कि वह एहतियात से यात्रा करें और किसी के उकसावे में न आएं। क्योंकि उन्हें यात्रा के दौरान ऐसे बहुत से लोग मिलेंगे जो उन्हें उकसाएंगे। वीडियो में छात्र यह भी कहता दिख रहा है कि मुसलमानों खासतौर पर कुर्ता पायजामा देखकर हमारे साथ इस तरह की हरकतें की जा रही है। कह रहा है कि हिंदुस्तान में मुसलमान का खून जानवर के खून से भी सस्ता हो गया है। अपने वीडियो बयान के साथ ही छात्र ने अपने साथ घटित हुई घटना की वीडियो भी जोड़ी हुई है। छात्र द्वारा जारी की गई इस वीडियो के बाद प्रशासन और खुफिया विभाग चौकन्ना हो गया है। हालांकि अभी तक दारुल उलूम के इस छात्र का नाम सामने नहीं आया है। न ही इसके बारे में दारुल उलूम प्रबंधन को कोई जानकारी है। दारुल उलूम के प्रशासनिक अधिकारी मुफ्ती रिहान कासमी का कहना है कि वीडियो प्रबंधन के संज्ञान में है। उक्त छात्र कौन है और किस कक्षा में प्रवेश के लिए आया है। इसकी जांच की जा रही है।



> छात्र द्वारा दिए गए वीडियो बयान के बारे में अभी जानकारी नहीं है। जानकारी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। देवबंद क्षेत्र में ऐसा कोई मामला नहीं हुआ है। अभितेष सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद।

# डा. अनवर सईद ने ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**देवबन्द।** ईद के त्यौहार से एक दिन पूर्व हुई हल्की सी बारिश के बाद देवबंद की ईदगाह में नमाज अदा न होने से खफा नगरवासियों द्वारा कमेटी पर ईदगाह में इंटरलॉकिंग कराए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। इसी के बीच ईदगाह वक्फ कमेटी के अध्यक्ष डा. अनवर सईद ने अपने पद से इस्तीफा देकर मामले को और गर्मा दिया है।

डा. अनवर सईद ने बयान जारी कर अपने द्वारा ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन वर्षो से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष जबकि इससे पूर्व सदस्य के रुप में शामिल रहे हैं। कहा कि हर साल ईद उल फितर व ईद उल अजहा के बाद कमेटी की किसी न किसी बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो जाता है और उन पर तरह तरह के ऐतराज किए जाते हैं जो गलत तरीका है। डा. अनवर ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर के जिम्मेदार लोगों द्वारा ईदगाह को लेकर जो भी प्रस्ताव उन तक पहुंचाए गए वह उन्होंने हमेशा कमेटी के अन्य पदाधिकारियों के समक्ष रखे। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते उनको मंजूरी न मिल सकी। उन्होंने कमेटी की साल में सिर्फ दो बार मीटिंग होने पर भी नाराजगी जताई और इसे ही कमेटी पर उठने वाले ऐतराज का कारण बताया है। डा. अनवर के इस्तीफे के बाद ईदगाह कमेटी को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार और अधिक गर्म हो गया है।



## चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा के आंठवे और नौवे स्वरूप की पूजा

**देवबन्द।** चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी व नवमी पर श्रद्धालुओं ने श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी मंदिर पहुंच मां दुर्गा के आठवे और नौवे स्वरूप की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने कन्या पूजन कर अपने उपवास पूर्ण किए। पूरे दिन श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। माँ के जयकारों और घंटे घडियालों से मंदिर प्रांगण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने माता बाला सुंदरी के साथ ही माता शाकुंभरी, काली माता, भैरव बाबा, हनुमान जी, भगवान शिव शंकर और ग्यारह मुखी महादेव आदि पवित्र स्थलों पर प्रसाद चढ़ाकर परिवार में सुख समृद्धि के लिए मन्नत मांगी। वहीं, कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में ही कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन खिलाया और उन्हें उपहार देते हुए आशीर्वाद लिया। मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से भक्तों के सभी पाप नष्ट होते हैं।

# राजेंद्र शर्मा शाखा अध्यक्ष एवं तपराज सिंह बने शाखा मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोडवेज कर्मचारी संघ संचालन शाखा धामपुर डिपो का वार्षिक चुनाव सुनील कुमार वालिया की अध्यक्षता में नहटौर बस स्टेशन धामपुर डिपो पर संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह तथा चुनाव पर्यवेक्षक धीरेंद्र कुमार रहे। जिन्होंने विगत वर्ष की आय व्यय ब्यौरा की जांच की तथा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। चुनाव में सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा व शाखा अध्यक्ष तपराज सिंह को शाखा मंत्री निर्विरोध चुना गया। चुनाव में डिपो के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने फूलमाला पहना कर इनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। जिसमें राजेंद्र कुमार शर्मा, तपराज सिंह, सुनील कुमार वालिया, हिमांशु आर्य, अंकुर कुमार, सोमपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, लोकेंद्र पाल, रामकुमार सिंह, हरिराज सिंह, सतेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# धर्मिक स्वतंत्रता हमारा सवैधानिक अधिकार है, इस पर कोई समझौता नहीं: मदनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वंदेमातरम के संबंध में सुप्रीम कोर्ट की ओर से व्यक्त किए गए रुख पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि जमीयत का यह स्पष्ट और सिद्धांतगत मत है कि वंदेमातरम हमारे मूल आस्था तौहीद के विरुद्ध है। इसलिए किसी भी आदेश या निर्देश के माध्यम से इसे गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा गया कि किसी भी नागरिक को उसके धर्म, आस्था और अंतरात्मा के विरुद्ध किसी कार्य के लिए मजबूर करना न केवल सांवैधानिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है, बल्कि संविधान की मूल संरचना पर सीधा आघात भी है। मौलाना मदनी ने जोर देकर कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का पूर्ण संरक्षण प्रदान करता है, जिसे किसी भी प्रशासनिक निर्देश, सरकारी दबाव या सामाजिक दबाव के माध्यम से छीना नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 28 जनवरी 2026 को वंदेमातरम के संबंध में जारी सरकारी दिशा-निर्देश केवल सलाह (एडवाइजरी) हैं, उनकी कोई बाध्यकारी प्रकृति नहीं है और उनके उल्लंघन पर कोई दंडात्मक प्रावधान भी नहीं है। मौलाना मदनी ने चेतावनी दी यदि देश के किसी भी हिस्से में किसी व्यक्ति, छात्र या संस्था को इस मामले में बाध्य किया गया या उसके धार्मिक एवं सांवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया तो जमीयत अदालत का दरवाजा खटखटाएगी और हर संभव कानूनी लड़ाई लड़ेगी।

# दबंगों का दो युवकों पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** बाइक का हॉर्न बजा कर गाड़ी हटाने को कहना दो युवकों को भारी पड़ गया। पास में मौजूद एक घर में से निकले कुछ दबंगों ने बाइक सवारों पर हमला कर दिया और जमकर कुटाई कर दी। जिसमें सलमान और फरमान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदपुर में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाने में तहरीर देकर सलमान और फरमान ने बताया कि वह बाइक पर कुछ सामान रख कर ला रहे थे। वहीं रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने के लिए जब उन्होंने हॉर्न दिया, तो कार सवार के बजाय पास में ही स्थित एक घर से कुछ दबंग बाहर निकाल कर आए और उनके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गए और उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ उपचार के लिए भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।



**हॉर्न बजाना पड़ा भारी**

# राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसो. की बैठक

## वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन धामपुर शाखा की तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई।

सर्व प्रथम सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 आय व्यय का ब्यौरा एवं परिलब्धियों, क्रिया-कलापों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं एवं निस्तारण पर चर्चा की गई। बलराम दत्त, श्यामलाल, बीरेंद्र सिंह, मुनेशवंद शर्मा, लोकेंद्र सिंह उपाध्यक्ष जिला कार्यकारणी ने एसोसिएशन के हितार्थ अपने अपने विचार रखें। बैठक में रामकिशन शर्मा का चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल का भुगतान न होन एवं चंद्रवीर सिंह का जीपीएफ का 10 प्रतिशत भुगतान का न होने का प्रकरण संज्ञान में आया है, जिसका 6 माह की अवधि तक भी तहसील नगीना के आर.के. कोषाधिकारी कार्यालय के बावूओं द्वारा लापरवाही के कारण भुगतान नहीं हो पाया है। एसोसिएशन शीर्ष प्राथमिकता से दोनों साथियों के बकाया भुगतान कराने की आपेक्षित कार्यवाही कराएगा। वित्तीय बर्ष के समापन पर कतिपय सदस्यों के अवशेष अंशदान/बंदा जमा किए गए।

बैठक में कुलवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, पवन कुमार, दिनेश कुमार, रामकुंवर सिंह, विजयपाल सिंह, रोहिताश्व सिंह, रामकिशन शर्मा, नरेशपाल सिंह, योगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष द्वारा पदाधिकारी/सदस्यगण के उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने एवं वक्ताओं द्वारा अपने-अपने सुझाव देने पर आभार प्रकट किया गया। जगदेव सिंह (प्रचार मंत्री) के पिता के 24 मार्च को अकास्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रृद्धांजलि दी गई। समस्त कार्यवाही शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। अंतत बैठक समाप्ति की विधिवत् घोषणा की गई। अध्यक्षता मदनपाल सिंह एवं संचालन रथींद्र कुमार सचिव द्वारा किया गया।




# तीनों जुआरियों का चालान

**हीमपुर दीपा।** ग्राम सब्दलपुर रेहरा के जंगल में जुआ खेल रहे शाहीद पुत्र मकबूल, वासिफ पुत्र अशरफ, जीशान पुत्र जमीर को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पकड़ लिया। जिनके कब्जे से 1420 रुपए नगद व 52 ताश के पत्ते बरामद किए। हीमपुर दीपा पुलिस ने तीनों जुआरियों का जुआ एक्ट 13 में चालान कर न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

# हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

## एक आरोपी अभी भी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस हमले के दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभी भी एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

बीते गुरुवार को नांगल थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुर निवासी पप्पू और महेंद्र दो सगे भाइयों में खेत की मेढ़ को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। इस हमले में पप्पू और पुत्र मोनू गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले में घायल मोनू ने देहरादून के अस्पताल में सोमवार रात इलाज के दम तोड़ दिया था। जिसके पुलिस ने जानलेवा हमले के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया। इस मामले में आरोपी यशपाल उर्फ टिंकू और महेंद्र को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी निशानदेही पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक सरिया और एक डंडा बरामद किया है। इस घटना के दो आरोपी जयपाल और कोमल पहले ही जेल जा चुके है, एक आरपी लाल सिंह फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।



## गाजीपुर कुतुब में ईद मिलन कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** हिंदू युवा महाशक्ति सेना राजनीति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्वेंद्र राणा व मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह के नेतृत्व में ग्राम गाजीपुर कुतुब में यूसुफ के निवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय महिला समाज स्वराज शक्ति की महिला टीम भी शामिल रही।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निशि चौधरी उनकी माता, जिला मीडिया प्रभारी विकास कुमार उनकी धर्मपत्नी आरजू तोमर, बेगराज, सतपाल, अनिल, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, रावेंद्र चौधरी, शिवम कुमार, अनुज, अभिषेक आदि शामिल रहे।

हिंदू युवा महाशक्ति सेना के मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम में हर्वेन्द्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, मंडल सचिव रीता देवी आदि मौजूद रहे।

# कन्याओं को जिमा कर लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नवरात्रि के अष्टमी पर माता के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।

नवरात्रि के अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया। नवरात्रि पर अष्टमी के दिन कन्याओं को जिमाया जाता है। जिसके लिए सुबह से ही श्रद्धालु कन्याओं के लिए पूरी छोले, सब्जी, रायता, चना हलवा आदि का प्रसाद बनाकर कन्याओं को बुलाकर जिमाते हैं। फिर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में सुख-समृद्धि खुशहाली आती है। कन्याओं को माता स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि पर श्रद्धालु व्रत रखकर अष्टमी के दिन माता स्वरूप कन्याओं को अपने घर बुलाकर भोजन कराते हैं उसके बाद दान स्वरूप रुपए और सामान भेंट करते हैं।

फिर कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं। जिससे घर में खुशहाली सुख-समृद्धि आती है। कुछ श्रद्धालु नवमी के दिन कन्याओं को जिमाते हैं।

# सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पांच आरोपियों कोहिरासत में लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कमराजपुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीती रात उसका भाई सुमित कुमार रास्ते से गुजरते हुए गांव में गिर गया था। तभी गांव के मौहम्मद नईम ने उसके भाई सुमित के पैर मार दिया था। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी, जिस मामले को ग्रामीणों ने समझा- बुझाकर शांत कर दिया था। जिसके रात 10 बजे उसका भाई सुमित अपने ताऊ के लड़के शिवम के साथ ग्राम तिसोतरा जा रहा। तभी रास्ते में नईम और उसके साथियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

इस मामले में पुलिस ने मौहम्मद नईम, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद अमजद, शाजिद, जुनैद और एक अज्ञात खिलाफ जानलेवा हमले में रिपोर्ट दर्ज की है।

इस मामले में सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि कमराजपुर निवासी सुमित और नईम पक्ष के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# कन्या पूजन एवं भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के निवास पर श्रद्धा, आस्था एवं धार्मिक उत्साह के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना से हुई। जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। अरुण कुमार वर्मा ने पूरे आयोजन का नेतृत्व किया। कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनके चरण धोए गए। तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई तथा प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति सनातन परंपरा एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक पर्व है। दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। क्योंकि कन्याएं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, सेवा भावना और धार्मिक चेतना मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अशोक वर्मा, वैजयंती माला वर्मा, अश्वनी वर्मा, आरती वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अलका वर्मा, अमित वर्मा, मनु वर्मा, अक्षय वर्मा, नेहा वर्मा, केशव वर्मा, काव्य वर्मा, आयुष वर्मा, आयुषी वर्मा, अक्षत वर्मा, दित्य सोनी, अयांश वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**महर्षि दयानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन**
(कॉलेज कोड -176) मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्धता

'आवश्यकता'

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों के शिक्षण के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर की आवश्यकता है।

1-बी0 कॉम0 - सभी विषय　2- बी0 बी0 ए0
3- बी0 सी0 ए0　4- बी0एस0सी0 -रसायन विज्ञान

**योग्यता**- यू जी सी एंव विश्वविद्यालय के नियमानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि एंव 2 फोटो के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अंदर निम्न पते पर भेजें। **पता- महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन ग्राम-बड़ूली, पोस्ट कोटा, जिला सहारनपुर (यू.पी)**

# RCB के बाद RR का भी 15290 करोड़ में हुआ सौदा

**जयपुर, वार्ता।** एरिजोना के टेक उद्यमी कल सोमानी की अगुवाई में अमेरिकी निवेशकों के एक कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को खरीदने के लिए करीब 15,290 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाई है। सोमानी, जो पहले से ही आरआर में हिस्सेदार हैं, अब अपने दो अन्य पार्टनर्स के साथ मिलकर फ्रेंच. इजी का पूरा मालिकाना हक हासिल कर चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने ही साल 2008 में आईपीएल का पहला खिताब अपने नाम किया था। सोमानी के नेतृत्व वाला यह ग्रुप उन चुनिंदा इंवेस्टर्स में शामिल है,




जिन्हें नॉन-बाइंडिग राउंड के बाद फाइनल बिडिग के लिए आमंत्रित किया गया था। इस डील में न सिर्फ आरआर की 100 फीसदी हिस्सेदारी शामिल है, बल्कि टीम के सभी ग्लोबल ब्रांडेड राइट्स भी दांव पर हैं। इसमें दक्षिण अफ्रीका की पार्ल रॉयल्स और सीपीएल की बारबाडोस रॉयल्स जैसी टीमें भी शामिल हैं। आईपीएल की आठ शुरुआती टीमों में से एक आरआर को साल 2008 में यूके की 'इमर्जिंग मीडिया' ने महज 67 मिलियन डॉलर में खरीदा था। इसका मालिकाना हक मनोज बडाले के पास है। उस दौर में एक डॉलर की कीमत लगभग 40 रुपये थी, जो अब बढ़कर 94 रुपये के करीब पहुंच गई है। इस गणित से देखें तो सोमानी ग्रुप की ताजा बोली 2008 की कीमत के मुकाबले रुपये में करीब 57 गुना ज्यादा है। दिलचस्प बात यह है कि 2008 में सबसे कम वैल्यू वाली टीम होने के बावजूद, दिवंगत शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही सीजन में इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम किया था। हालांकि पिछले आईपीएल में टीम नौवें पायदान पर रही थी, लेकिन मैदान पर इस प्रदर्शन का टीम की वैल्यू पर कोई असर नहीं पड़ा। दरअसल, फ्रेंचाइजी की बाजार में कीमत हमेशा उनके खेल से अलग तय की जाती है। साल 2009 में राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की ऐसी पहली टीम बनी थी, जिसने अपनी हिस्सेदारी बेची थी। तब बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने टीम में 11.7 प्रतिशत स्टेक खरीदा था। इसके बाद 2021 तक आते-आते बडाले मुख्य निवेशक बन गए और उनकी हिस्सेदारी 65 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह उस फंडिग ड्राइव का नतीजा था जिसमें कई बड़े निवेशकों को जोड़ा गया, जिनमें टीम8 के सह संस्थापक इयान मैककिनन, पूर्व बीटी सीईओ फिल जेनसन, फ्यूचर लर्न और नेटवर्क इंटरनेशनल के चेयरमैन रॉन कलीफा, बेटफेयर के संस्थापक एड रे, और टेक उद्यमी जैसे सोमानी, सिमर मेयो और मिहिर पटेल शामिल थे। 2021 में रेडबर्ड कैपिटल्स भी निवेशक के रूप में शामिल हुआ, जिसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है और जिसका निवेश लिवरपूल और बोस्टन रेड सॉक्स की पैरेंट कंपनी में भी है।

### विजय माल्या ने आरसीबी के नए मालिकों को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मालिक विजय माल्या ने फ्रेंचाइजी के नए मालिकों को इस मूल्यवान आईपीएल फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। माल्या ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में इस फ्रेंचाइज से जुड़ी यादों को साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने 2008 में 450 करोड़ रुपये में यह फ्रेंचाइजी खरीदी थी, तब कई लोगों ने उनका मजाक उडाया था और उनके निवेश को केवल एक 'वैनिटी प्रोजेक्ट' बताकर उसकी आलोचना की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस निवेश के पीछे का मुख्य उद्देश्य रॉयल चैलेंज ब्रांड का निर्माण करना था, जिसके कारण उन्होंने फ्रेंचाइजी का नाम आरसीबी रखा। माल्या ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 450 करोड़ रुपये के निवेश को 16,500 करोड़ रुपये तक बढ़ते देखना बेहद संतोषजनक है। उन्होंने यह भी साझा किया कि आरसीबी हमेशा उनके डीएनए का हिस्सा रहेगी।

# आरसीबी डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा महंगी: ललित मोदी

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ब्लॉकबस्टर सेल के बारे में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह डील बताई गई बात से कहीं ज्यादा बड़ी और महंगी है। हालांकि 1.78 बिलियन डॉलर के हेडलाइन आंकड़े पर चर्चा हो रही है, लेकिन मोदी ने कहा कि असल फाइनेंशियल खर्च कुछ और ही कहानी कहता है। उनके मुताबिक, सभी चीजों को जोड़ने के बाद, कुल पेमेंट लगभग 1,936 बिलियन डॉलर हो जाता है, जिससे यह डील दो बिलियन डॉलर के करीब पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) को दी जाने वाली पांच परसेंट ट्रांजैक्शन फीस बेस वैल्यूएशन से ज्यादा कॉस्ट को काफी बढ़ा देती है।

इसके अलावा, आरसीबी महिला टीम की एक्विजिशन कॉस्ट और कई सालों में फैले स्ट्रक्चर्ड पेमेंट से कुल खर्च और बढ़ जाता है। मोदी ने करेंसी डेप्रिसिएशन को भी एक वजह बताया, और कहा कि रुपये में उतार-चढ़ाव ने भारतीय टर्म्स में ट्रांजैक्शन की इफेक्टिव वैल्यू को बढ़ाकर लगभग 18,200 करोड़ रुपये कर दिया है। यह कमेंट्स तब आए हैं जब आदित्य बिड़ला ग्रुप की लीडरशिप वाले एक कंसोर्टियम ने यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड से रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स



प्राइवेट लिमिटेड में 100 परसेंट स्टेक खरीदा है, जिसे पहले से ही आईपीएल हिस्ट्री की सबसे हाई-प्रोफाइल डील्स में से एक माना जा रहा है। नंबर्स को तोड़-मरोड़कर, मोदी ने एक बड़ी बात पर जोर देने की कोशिश की- कि आईपीएल फ्रेंच. इजी वैल्यूएशन न केवल आसमान छू रही हैं, बल्कि ऐसी डील्स की असली इकोनॉमिक्स अक्सर हेडलाइन आंकड़ों में कम बताई जाती हैं, जिससे इसमें शामिल इन्वेस्टमेंट का असली स्केल छिप जाता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओडिशा की किशोरी अंजलि ने केआईटीजी में तैराकी में जीता स्वर्ण

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा की किशोरी तैराक अंजलि मंडा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की तैराकी स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंजलि ने बुधवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39-02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मजे तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। वह 10 साल की उम्र में कलिगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज(केआईएसएस) पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को निष्शुल्क शिक्षा और आवास मिलता है।

### फिल्स ने रोमांचक मैच में 4 मैच पॉइंट बचाए, पॉल को चौंकाया

**मियामी।** आर्थर फिल्स ने बुधवार को मियामी ओपन में टॉमी पॉल से बचने के लिए नाटकीय ढंग से चार मैच पॉइंट बचाए। सीजन के एक मैच में, 21 साल के फिल्स ने घरेलू फेवरेट पॉल की उम्मीदों पर 6-7(3),7-6(4),7-6(6) से पानी फेर दिया और अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। फिल्स, जो दो घंटे, 47 मिनट के पूरे मैच में पॉल की सर्विस नहीं तोड़ पाए, ने डिसाइडिग-सेट टाई-ब्रेक में 2/6 से लगातार छह पॉइंट बनाकर आगे बढ़े। फिल्स ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि यह एक कांटे की टक्कर थी और मैं कभी भी लड़ाई से पीछे नहीं हटता।अगर मैं हार भी जाता, तो कोई बात नहीं, मैंने बस अपनी तरफ से पूरी को. शिश की।ष फिल्स ने कहा, ष्यह मेरी जदिगी का अब तक का सबसे अच्छा रिजल्ट है। मैं सेमीफाइनल में अपना बेस्ट करने की कोशिश करूंगा, लेकिन अब मैं बहुत खुश हूं।

# सैमसन और गायकवाड करेंगे CSK के लिए ओपनिंग

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फाइनल कर लिया है।



गायकवाड तीनों बल्लेबाजों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा कि रुतु और संजू। आईपीएल 2025 में ओप. निंग करते हुए सात पारियों में 188-97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे को अब नीचे खेलना होगा। गायकवाड के इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर आने वाले म्हात्रे पिछले सीजन सीएसके की खोज साबित हुए थे। आईपीएल 2026 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था और फरवरी में उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता है। 2026 सीजन की नीलामी से पहले रवींद्र जडेजा और सैम करन के बदले ट्रेड के जरिए सैमसन को लाने के बाद से ही सीएसके की ओपनिंग जोड़ी को लेकर बात हो रही थी। सैमसन की ए डील आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े ट्रेड में से एक थी और टी20 विश्व कप में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद से तो उनका कद और बढ़ा है। सैमसन ने तीन मस्ट विन मैचों में 89, 89 और नाबाद 97 के स्कोर बनाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे।

# चिन्नास्वामी में बिना टिकट के नही होगी एंट्रीः पुलिस

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु पुलिस ने गुरुवार को लोगों से कहा कि वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस सीजन के पहले आईपीएल मैच के लिए बिना वैलिड टिकट के न आएं। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कड़ी जांच होगी और स्टेडियम के बाहर भीड़ जमा होने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एक हाई-लेवल रिव्यू और मॉक ड्रिल के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीनियर पुलिस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने कहा कि मैच को बिना किसी रुकावट के कराने के लिए बड़े पैमाने पर और कई स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं।

इसमें भीड़ कंट्रोल, यातायात का सुचारू संचालन और आपात स्थिति पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि ए तैयारियां कई महीनों की मिली-जुली कोशिशों का नतीजा हैं, जिसमें कई एजेंसियां और एक एक्सपर्ट कमेटी




शामिल थी। इस कमेटी ने बड़े पैमाने पर जांच-पड़ताल के बाद अपनी डिटेल्ड सिफारिशें सौंपी थीं। तैयारियों के हिस्से के तौर पर, 23 मार्च और 26 मार्च को दो बड़े मॉक ड्रिल किए गए। इनमें पुलिस, फायर सर्विस, हेल्थ डिपार्टमेंट, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पीडब्ल्यूडी) और जीबीए अधिकारियों समेत सभी जरूरी स्टेकहोल्डर्स शामिल थे। सिंह ने कहा कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर, हमने पिछले कुछ महीनों में हर लेवल पर फिजिकल जांच की है। यह पक्का करने के लिए कि मैच सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के हों, जरूरी बदलाव अलग- अलग चरणों में लागू किए गए हैं। सभी डिपार्टमेंट्स ने इन ड्रिल्स में हिस्सा लिया और हमने सिफारिशों के आधार पर तैयारियों का जायजा लिया। अभी तक, पहले चरण के ज्यादातर उपाय पूरे हो चुके हैं। पहला मैच शुरू होने में केवल दो दिन बाकी हैं, ऐसे में सिंह ने बताया कि सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। ट्रैफिक और लॉ-एंड-ऑर्डर, दोनों ही नजरिए से पुलिस की संख्या लगभग दोगुनी कर दी गई है। एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल वैलिड टिकट वाले लोग ही स्टेडियम की तरफ आएं।

# गंभीर हाई स्टैंडर्ड तय करने के साथ ही जवाबदेहीभी चाहते हैं: डु प्लेसिस

**नई दिल्ली, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स पिछले टाटा आईपीएल सीजन में पॉइंट्स टेबल के दूसरे हाफ में रही थी, और नए हेड कोच अभिषेक नायर के लिए काम बहुत होगा। जियो स्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार एक्सपर्ट फाफ डु प्लेसिस और आकाश चोपड़ा ने केकेआर ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर की गैरमौजूदगी, सिर्फ कैप्टन से आगे लीडरशिप की भूमिका, और हेड कोच के तौर पर अपने पहले सीजन में नायर के लिए चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।



फाफ डू प्लेसिस ने एक लीडर के तौर पर गौतम गंभीर के बारे में अपनी राय साझा की, क्योंकि वे उनके खिलाफ कई बार खेल चुके हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर के बारे में मेरा नजरिया साफ तौर पर उन लोगों से बहुत अलग है जो उनके साथ खेलते हैं। जब उनके खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह हमेशा कहानी में विलेन होते हैं, लेकिन आप इसकी इज्जत करते हैं। और मुझे लगता है कि गौतम गंभीर के साथ यही खास बात है, वह बहुत कॉम्पिटिटिव हैं। वह एक सेकंड के लिए भी इस बात की चिंता नहीं करते कि कोई उन्हें पसंद करेगा या नहीं। एक लीडर के तौर पर उनका काम ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करना और ड्रेसिंग रूम में अकाउंटेबिलिटी रखना है। इसलिए, बाहर से, उनके खिलाफ खेलने वाले एक साथी लीडर के तौर पर, आप उन्हें हराना चाहते हैं क्योंकि वह विरोधी टीम के तौर पर खुद को जिस तरह से पेश करते हैं, लेकिन आप इस बात की इज्जत करते हैं कि वह इतने ऊंचे स्टैंडर्ड सेट करते हैं। अच्छे लीडर यही करते हैं,

और उन्होंने जिस दिन से खेलना शुरू किया है, उसी दिन से यह बनाया है। अगर आप उनका रिकॉर्ड देखें, तो आपको अपनी टोपी उतारकर कहना होगा, लीडरशिप के नजरिए से, उनके साथ केकेआर एक मजबूत टीम थी। किसी फ्रेंचाइज में लीडरशिप के लिए कैप्टन ही सब कुछ क्यों नहीं है इस पर फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि जब लोग किसी ऑर्गनाइजेशन या टीम में लीडरशिप को देखते हैं, तो हमेशा कैप्टन के बारे में सोचते हैं। हां, कैप्टन का एक रोल होता है, लेकिन मेरे लिए, यह ऊपर से नीचे तक जाता है। तो, यह आपके मालिक, कोच और टीम के अंदर लीडरशिप ग्रुप होते हैं। जब आप एमआई, सीएसके और केकेआर जैसी सफल टीमों को देखते हैं, तो वहां गौतम के साथ श्रेयस अय्यर, या धोनी के साथ फ्लेमिग होते हैं। पिछले साल भी आरसीबी के साथ, आपके पास एंडी फ्लावर और मो बोबट के साथ टॉप पर बहुत मजबूत लीडरशिप थी, लेकिन एक बहुत ही कम अनुभवी कैप्टन के साथ, जिसके लिए यह आईपीएल में पहली बार कप्तानी थी। अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन है, तो बहुत कुछ उस पर आ जाता है। लेकिन अगर आपके पास एक मजबूत कैप्टन नहीं है, तो एक मजबूत कोच की जरूरत होती है।

# मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए मुझे ब्रेक की जरूरत थी: पृथ्वी शॉ

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ एक बार फिर अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ जुड़ गए हैं। साल 2023 और 2024 के सीजन शॉ के लिए कुछ खास नहीं रहे थे, जहां 16 पारियों में उनके बल्ले से महज 304 रन ही निकले। हालांकि आईपीएल 2026 के आगाज से पहले शॉ का मानना है कि इस छोटे से ब्रेक ने उन्हें मानसिक रूप से काफी मजबूत और तरोताजा कर दिया है।

शॉ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैंने इस दौरान अपनी जदिगी को खुलकर जिया और कुछ जगहों पर घूमकर अपने दिमाग को शांत किया। वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाजी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। मैं इसे पीछे हटना नहीं कहूंगा, बल्कि इसने मुझे दिमागी तौर पर और भी ताकतवर बनाया है। बता दें कि आईपीएल 2024 के बीच में ही डीसी ने उन्हें प्लेइंग ग्प से बाहर कर दिया था। इसके बाद 2024-25 के घरेलू सीजन में भी उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप होना पड़ा। उस समय मुंबई के उनके साथी श्रेयस अय्यर ने साफ कहा था कि शॉ को ष्अपनी वर्क एथिक्स (कार्यशैली) पर ध्यान देने की जरूरत है। इन तमाम उतार-चढ़ाव के बाद शॉ ने मुंबई का साथ छोड़ दिया



और हाल ही में महाराष्ट्र की टीम से जुड़कर मैदान पर वापसी की है। शॉ ने कहा कि मैं एक इंसान हूं, मुझसे गलतियां होंगी। जो कुछ लिखा या कहा जाता है, लोग उसका सिर्फ आधा ही जानते हैं। मेरा परिवार मुझे जानता है, मेरे दोस्त मुझे पूरी तरह जानते हैं। सोशल मीडिया या अखबारों में जब भी मेरे बारे में अच्छी या बुरी बातें आती थीं, तब उन्हें समझने के लिए मैं बहुत छोटा था। हर बार जब आप ऐसी चीजें देखते हैं, तो आप फिर उसी में उलझ जाते हैं। इसलिए मैंने उन्हें देखना ही बंद कर दिया। ए चीजें मुझे क्रिकेट से दूर ले जा रही थीं।

# चंडीगढ़ में महाराष्ट्र ने पदकों की गुढ़ी उठाई!




**चंडीगढ़, वार्ता।** चंडीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय नागरी सेवा योग क्रिडा स्पर्धा 2025-26 में श्रीमती अपर्णा जाधव, मानद सचिव, योग विभाग, सचिवालय जिमखाना के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र शासन की टीम ने घवघवीत सफलता हासिल कर विजय की गुढ़ी उठाई!

24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

महाराष्ट्र टीम ने 15 पदक जीते।

1 स्वर्ण
7 रजत
7 कांस्य

इसके अलावा पुरुष टीम ने सामूहिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया! इस प्रदर्शन की हर ओर प्रशंसा और बधाइयों की वर्षा हो रही है।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को हेड कोच बनाया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को क्लब का नया हेड कोच बनाया है। मुनोज ने 2026/27 सीजन के आखिर तक ब्लूज के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है और वे फर्स्ट टीम की जम्मिेदारी संभालेंगे क्योंकि क्लब सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला जारी रखना चाहता है। मुनोज प्लेयर डेवलपमेंट और एलीट-लेवल कोचिग में अच्छे अनुभव के साथ बेंगलुरु आए हैं। उन्होंने पहले एफसी बार्सिलोना के यूथ सेटअप में बार्सा अंडर19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है, और चीन की नेशनल फुटबॉल टीम के साथ काम करने के अलावा, उन्होंने किगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेंग के साथ चीन में भी समय बिताया है। हेड कोच के तौर पर उनका पहला पूरा रोल कंबोडिया में प्रीह खान रीच स्वे रींग के साथ आया, जहां उन्होंने दो साल तक कामयाबी से काम किया।

# एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत अहम हैं: मीराबाई चानू

**रायपुर, वार्ता।** भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा है कि एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ काम शेष है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के बुधवार को उद्घाटन समारोह के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में मीराबाई ने कहा, ष्एशियन गेम्स मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां मेरा अभी भी कुछ अधूरा काम बाकी है।

एशियन गेम्स में मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और भी अधिक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बनाता है। मीराबाई के सामने एक बड़ी चुनौती अपनी वेट कैटेगरी (वजन वर्ग) को एडजस्ट करना रही है। उन्होंने अधिकतर 49किग्रा वर्ग में ही हिस्सा लिया है, लेकिन अब इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा वजन वर्गों में किए गए बदलावों के कारण उन्हें अलग-अलग कैटेगरी के बीच स्विच करना पड़ेगा। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48किग्रा कैटेगरी में



हिस्सा लेंगी, और उसके बाद 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में पदक जीतने की एक और को. शिश के लिए वापस 49 किग्रा भार वर्ग में आ जाएंगी। मीराबाई ने बताया, ष्मैं कॉमनवेल्थ गेम्स तक अपना वजन 48 किग्रा के अंदर ही रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने के अंदर ही एशियन गेम्स होने हैं, जो कि 49किग्रा भार वर्ग में हैं, इसलिए मुझे वापस उसी कैटेगरी में जाना पड़ेगा। मीराबाई ने फरवरी में नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना 2026 का सीजन शुरू किया और महिलाओं की 48 किग्रा भार वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इस चैंपियनशिप में, मीराबाई ने स्नैच में 89 किग्रा वजन उठाया - यह उनका अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था, भले ही वह अपनी सामान्य 49किग्रा कैटेगरी से कम वजन वाली कैटेगरी में हिस्सा ले रही थीं। इसके बाद उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा का सफल लिफ्ट किया, जो महिलाओं की 48 किग्रा कैटेगरी में नेशनल रिकॉर्ड है। इससे उनका कुल वजन 205 किग्रा हो गया और उन्होंने स्वर्ण पदक जीत लिया। मीराबाई ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' की शुरुआत की तारीफ की और इसे दूर-दराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए एक अहम मंच बताया। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स उन सभी खिलाड़ियों को एक मंच देगा जो दूर-दराज के इलाकों से आते हैं, ताकि वे अपनी काबिलियत दिखा सकें। मैंने पूरे देश में, खासकर नॉर्थ-ईस्ट और दूसरे आदिवासी इलाकों में ऐसे कई मामले देखे हैं।

# डीएम-एसएसपी ने किया मां शाकंभरी देवी मेले का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर मां शाकंभरी देवी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसी के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना एवं हवन कर मां का आशीर्वाद भी लिया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने मां शाकंभरी देवी मेला में सीसीटीवी, पीए सिस्टम, शौचालय व्यवस्था, अस्थाई अस्पताल, एंबुलेंस, पार्किंग व्यवस्था, बैरीकेटिंग, साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था, मजिस्ट्रेट, पुलिस बल की उपलब्धता आदि को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सभी व्यवस्थाओं को पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर और अधिक दुरूस्त बनाया गया है। आमनजों के सुविधा के तहत खोया-पाया केन्द्र भी बनाया गया है जिसका मूल उद्देश्य मेले में अपने अभिभावकों से बिछड चुके बच्चों को यथाशीघ्र मिलवाना है। उन्होने बताया कि 19 तारीख से अब तक अपने परिजनों से बिछड चुके 70 बच्चों को खोया-पाया केन्द्र से माध्यम से मिलवाया गया है। अस्थाई अस्पताल में प्रतिदिन 150-200 श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साफ-सफाई के लिए विशेष टीमें लगाकर संपूर्ण मंदिर परिसर को साफ-सुथरा रखा जा रहा है। आमजन के मध्य पॉलीथीन का कम से कम इस्तेमाल करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण प्रतिबंध करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनपद तथा जनपद के बाहर अन्य जनपदों एवं प्रदेशों से आ रहे श्रद्धालुओं को बहुत अच्छा अनुभव हो रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले को और अधिक दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी निरंतर नजर बनाए रखें एवं सौंपी गई जिम्मेदारियों का इसी प्रकार निर्वहन करते रहें। उन्होंने कहा कि मां शाकंभरी देवी जाने के लिए श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी और जिला पंचायत दिन रात एक किए हुए है। जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सूपर जोन, जोन्स, सैक्टर में विभाजित कर 08-08 घंटों की शिफ्ट में मजिस्ट्रेट्स की तैनाती की गयी है। प्रति सैक्टर सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी पुलिस प्रभारी के रूप में तैनात है। मेला क्षेत्र में मेला कोतवाली की स्थापना कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था हेतु अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, होमगार्ड की तैनाती की गयी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सहायता केन्द्र, खोया-पाया केन्द्र, मिशन शक्ति केन्द्र स्थापित किए गये हैं।

19 मार्च से प्रारम्भ इस मेले में देश के विभिन्न प्रदेशों एवं जनपदों से लाखों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर बना हुआ है। 26 मार्च को दुर्गा अष्टमी, 27 मार्च को राम नवमी, 28 मार्च को दशमी, 30 मार्च को त्रयोदशी, 1 अप्रैल को चतुर्दशी एवं 2 अप्रैल को पूर्णिमा तथा हनुमान जयंती के अवसर पर अधिक भीड़ की संभावना के दृष्टिगत मण्डलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं एसएसपी तथा प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारीगणों द्वारा निरंतर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए समय-समय पर बैठकें कर दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

मेला परिसर में स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि किसी भी श्रद्धालु की आकस्मिक तबियत खराब होने की स्थिति में उसे प्राथमिक उपचार दिया जा सके और गंभीर स्थिति होने पर मरीज को के जाने के लिए एम्बुलेंस भी चौबीसों घंटे तैनात है। इसके अलावा किसी भी आकस्मिक अग्निकांड से निपटने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी और अचानक बाढ़ आने की स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम और फ्लड पीएसी तैनात है।

निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण सागर जैन, एसपी यातायात शैलेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक एस एन वैभव पांडेय, तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार फैजाबाद भूपेंद्र सिंह, नायब तहस. ीलदार मुजफ्फराबाद देवेन्द्र कुमार प्रजापति, कोतवाली मिर्जापुर प्रभारी निरीक्षक, सूबे सिंह आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ढमोला नदी की सफाई के लिए दस करोड़ स्वीकृतः डा.अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** प्रदेश शासन ने पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत ढ़मोला नदी की सफाई के लिए करीब दस करोड़ रुपये स्वीकृत करते हुए लगभग पांच करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिये है। ढमोला नदी में सिल्ट/गार्बेज/स्लश सफाई का कार्य शाकुम्भरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक किया जायेगा। यह परियोजना कार्य प्रारंभ होने की तिथि से एक वर्ष में पूर्ण करनी होगी।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ढमोला नदी में गत कुछ वर्षो में आयी बाढ़ से नदी किनारे रहने वाले लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि नदी किनारे के लोगों को भविष्य की संभावित बाढ़ से बचाने के लिए ढमोला नदी की सफाई कराने का कार्य महापौर चुने जाने के बाद से ही उनकी प्राथमिकता में था। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा आईआईटी रुड़की से 1136.76 लाख की डीपीआर बनवाकर शासन को भेजी गयी थी। परियोजना की स्वीकृति के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रुप से मिलकर भी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 10 दिसंबर 2024, नगर विकास मंत्री ए के सिंह व प्रमुख सचिव नगर विकास को 17 दिसंबर 24 को पत्र लिखकर करीब साढे़ 11 करोड़ रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत करने का अनुरोध किया था।

उल्लेखनीय है कि शाकुम्भरी विहार से ग्राम पिंजौरा तक ढमोला नदी में सिल्ट/गार्बेज/स्लश सफाई आदि कार्य के लिए सिंचाई विभाग द्वारा 1139.26 लाख की डीपीआर तैयार की गयी थी। जिसे जांच-परख( पर्यवेक्षण) के लिए 7 मार्च 2025 को नगर निगम द्वारा आईआईटी रुड़की को भेजा गया था। आईआईटी रुड़की ने उक्त कार्ययोजना के आगणन में संशोधन करते हुए 1136.76 लाख की डीपीआर गत 21 अगस्त 2025 को नगर निगम को प्रेषित की गयी थी। नगरायुक्त द्वारा उक्त 1136.76 लाख की डीपीआर संलग्न करते हुए 27 अगस्त 2025 को विशेष सचिव नगर विकास विभाग को पत्र लिखकर उक्त कार्ययोजना को स्वीकृत करने तथा कार्य हेतु धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया था।

प्रदेश शासन द्वारा उक्त परियोजना के लिए 09 करोड़ 94 लाख 95 हजार रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए परियोजना की 50 प्रतिशत धनरा. शि 04 करोड़ 97 लाख 47 हजार धनराशि अवमुक्त करने की जानकारी दी गयी है। इस सम्बंध में प्रदेश शासन द्वारा नगरायुक्त को गत 25 मार्च 2026 को पत्र भेजा गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि नगरायुक्त नगर निगम सहारनपुर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जायेगा जिसमें मुख्य अभियंता सिंचाई, मुख्य अभियंता नगर निगम तथा सम्बंधित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं वित्त नियंत्रक भी शामिल होंगे। इस समिति की देखरेख में ही प्रस्तावित कार्य पूर्ण कराये जायेंगे। परियोजना का निर्माण कार्य प्रारंभ किये जाने की तिथि से 12 माह में पूर्ण किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## स्कूल बंद कराया

**गंगोह।** खादर क्षेत्र के गांव कुंडाकर्ता में बिना मान्यता संचलित हो रहे एक विद्यालय के खिलाफ शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से उसे बंद कराकर कानूनी कार्यवाही शुरु करदी है। यह कार्रवाई शिकायत मिलने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय का मौका मुआयना किया गया। जांच के दौरान विद्यालय बिना किसी मान्यता के संचालित होता पाया गया। विद्यालय संचालक जांच टीम को कोई कागजात नही दिखा पाया। विधालय संचालक को नोटिस जारी कर तत्काल प्रभाव से विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए गए।

# विधायक उमर से मिले शहनजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा छात्र सभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर मौहम्मद शहनजर चौधरी ने विधायक उमर अली खान से आशीर्वाद लिया।



मौहम्मद शहनजर चौधरी अपनी टीम के साथ बेहट रोड स्थित बेहट विधायक उमर अली खान के आवास पर पहुंचे और मनोनयन पर उनका व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। विधायक उमर अली खान ने कहा कि वह पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा व समर्पण भाव के साथ काम करें। साथ ही आने वाले विस चुनाव तैयारियों में जुट जाये।

# मारपीट के तीन मामलों में 11 पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। थाना पुलिस ने वादियों की तहरीर पर तीन अलग अलग मामलों में ग्यारह लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

वादी शारिक उर्फ समीर पुत्र जाहिद हसन निवासी बुडिया चौंक जगाधरी ने अपनी तहरीर में बताया कि चिलकाना क्षेत्र के गांव मनोहरपुर में अपनी बहन के घर वह परिवार सहित आया हुआ था कि रास्ते में साइड न देने के कारण गांव मनोहरपुर निवासी ताहिर पुत्र इलियास, इजहार पुत्र ताहिर, शादाब पुत्र ताहिर व नसीम पुत्र अहसान आदि ने उसकी बहन के घर में घुसकर मारपीट की, जिससे परिवार के तीन सदस्य चोटिल हो गये। इतना ही नहीं विपक्षियों ने उसकी कार में भी तोड फोड़ करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया।

वादी शमीम पुत्र जमील निवासी ग्राम मानकपुर सादात ने विपक्षी शौा. कन पुत्र जुल्फान, वाजिद पुत्र असलम, अस्तफाक पुत्र असलम व अहतकाम पुत्र आरिफ पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बेटी घर पर पढाई कर रही थी, विपक्षियों ने उसके घर आकर बेटी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। इतना ही नहीं विपक्षियों ने जाते जाते भी जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरी महिला वादिया ने अपनी तहरीर में विपक्षी नौशाद पुत्र अय्यूब, शहजाद पुत्र अय्यूब व शाबाज पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम पटनी पर आरोप लगाते हुए बताया कि विपक्षियों ने पीड़िता के घर के पास अपने प्लॉट में पेड लगाये हुए हैं। जिनमें से एक फूल का पेड किसी ने तोड दिया। जिस पर विपक्षी पीड़िता के घर आकर गाली गलौज करने लगे ओर फूल का पेड तोडने का आरोप पीड़िता के बच्चों पर लगाने लगे। पीड़िता का कहना है कि बच्चों द्वारा पेड तोडने से इंकार करने पर विपक्षियों ने उसके साथ साथ पति व बहन को भी गाली गलौज करते हुए मार पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने विपक्षियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तीनों मामलों के ग्यारह आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 722 स्कूलों में मनाया नव आरंभ उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के 722 विद्यालयों में स्थित को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में गुरुवार को 'नवआरंभ उत्सव' बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बाल वाटिका में पंजीकरण किया गया, जबकि 5 से 6 वर्ष के बच्चों की सूची आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 1 में प्रवेश हेतु संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सौंप दी गई। उत्सव के दौरान विद्यालयों में छोटे-छोटे बच्चों, अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सुपर वाइजर्स, जनप्रतिनिधियों, अध्यापक. ों, ईसीसीई एजुकेटर्स तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके पहले शैक्षिक कदम का स्वागत किया। इस अवसर पर अभिभावकों को बाल वाटिका में उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों जैसे लर्निंग कॉर्नर, वंडर बॉक्स, स्टेशनरी एवं खेल-आधारित शिक्षण सामग्री की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में इन सुविधाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# घायल युवक की मदद नहीं कर रही थाना मण्डी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चिलकाना रोड पर खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके पिता को भी हल्की चोटें आईं। संबंधित थाना मंडी में प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी अभी तक भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं।

पीड़ित पिता अहसान ने 25 मार्च को थाना मंडी में ट्रॉली संचालक फहीम के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। तहरीर के अनुसार अहसान अपने बेटे हैदर के साथ ईद के त्योहार के चलते किसी रिश्तेदारी में मिलने जा रहे थे। इसी दौरान चिलकाना रोड पर खनन से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में अहसान को मामूली चोटें आईं, जबकि उनके बेटे हैदर का पैर बुरी तरह कुचल गया, जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित अहसान का आरोप है कि घटना के बाद भी थाना मंडी पुलिस ने अभी तक आरोपी ट्रॉली संचालक फहीम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है,उन्होंने इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही थाना मंडी की निष्क्रियता पर संबंधित थाना अध्यक्ष से स्पष्टीकरण की मांग भी की है।

# बड़कला चौकी क्षेत्र में चल रहा नशे का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहारनपुर जिले के थाना फतेहपुर क्षेत्र अंतर्गत बड़कला चौकी के इलाके में नशे का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में स्मैक, चरस समेत अन्य मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे युवा पीढ़ी तेजी से नशे की चपेट में आ रही है।



ग्रामीणों और प्रभावित परिवारों में इस बात को लेकर गहरा रोष व्याप्त है उन्होंने बताया कि कई जगहों पर नशे के अड्डे सक्रिय हैं और युवा किशोर लगातार नशे की लत का शिकार हो रहे हैं, जिससे परिवारों में आर्थिक और सामाजिक तबाही मची हुई है। ग्रामीणों ने थाना फतेहपुर पुलिस और बड़कला चौकी पर पर्याप्त कार्रवाई न करने या लाप. रवाही बरतने के आरोप भी लगाए हैं ग्रामीणों का कहना है कि नशे का यह कारोबार पूरे इलाके को बर्बाद कर रहा है हमारी मांग है कि पुलिस तुरंत सख्त एक्शन ले, नशा तस्करों और बिक्रीकर्ताओं को गिरफ्तार कर छक्कै एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करे तथा क्षेत्र में नशे के अड्डों को पूरी तरह से समाप्त करे। सहारनपुर पुलिस पूरे जिले में ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है थाना फतेहपुर क्षेत्र में भी पहले कई बार चरस और स्मैक बरामदगी की गई है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अभी भी बड़े पैमाने पर कारोबार जारी है।

# फर्जी दरोगा बनकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने चेकिंग व गश्त के दौरान एक फर्जी दरोगा बनकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरा. ेपी के कब्जे से पुलिस वर्दी और फर्जी पहचान पत्र बरामद किया गया है।

एसएसपी के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कपिल देव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 26 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने लकड़ी के पुल, खलासी लाइन क्षेत्र में चो. कंग के दौरान आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मौहम्मद कासिम पुत्र पुत्तन निवासी जशनपुर, थाना शेरगढ़, जिला बरेली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक जोड़ी पुलिस वर्दी और एक फर्जी पुलिस पहचान पत्र बरामद किया है। इस संबंध में थाना सदर बाजार में मुअसं 159/26 के तहत धारा 204, 205, 338, 336(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सर सैयद स्कूल के मेधावी बच्चे पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सर सैयद मैमोरियल इण्टर कॉलेज व सर सैयद इण्टरनेशनल स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित कर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर हौंसला अफजाई की गई।




मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि ये विद्यालय बहुत जल्द यूनिवर्सिटी का रूप ले लेगा और ये बात सुनकर बे इंतहा खुशी हुई है कि ग्लोकल यूनिवर्सिटी के एडमिनिस्ट्रेशन ने इस विद्यालय के बच्चों को यूनिवर्सिटी में किसी भी स्ट्रीम में प्राइटी देने के लिए कहा है। सीईओ अनिल कुमान जैन ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को शिक्षा पर विशेष बल देने की बात कही। पास्टर संजय ऐबल सिंह ने विद्यालय की तारीफ की। परचम संस्था की अध्यक्ष श्रीमति डा. कुदसिया अंजुम, वरिष्ठ पत्रकार व समाज चिंतक शाहिद जुबैरी व इस्लामिया इंटर व डिग्री कालेज के डिप्टी मैनेजर काजी शौकत हुसैन ने भी विचार रखे।

अध्यक्षता विद्यालय के नाजिम-ए-तालिमात हाजी मौ. असलम खाँ ने की। इससे पूर्व कॉलेज के मैनेजर हाजी मौ. अफजल खाँ ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। जिसके बाद कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'दरिचा-ए-सर सैयद' का 13 वे अंक का इजरा किया गया।

इस दौरान कन्ट्रोलर श्रीमति अंजुमन अफजल, कॉर्डिनेटर मौ. आसिम खाँ, प्रधानाचार्य राशिद अहमद, प्रधानाचार्या इरम रियाज, बर्सर व कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर मौ. अहमद खाँ ने बच्चों को परीक्षाफल की बधाई दी। कार्यक्रम की कन्वीनर कु सबिहा और कु फरहा रहीं। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ में शाहिन मैराज, आरफा खान, अजरा खान, फरहा, रेशु, हिना कौसर, सबीहा, तनवीर फातिमा, बुशरा, नबिया, मौ. आलिम, मौ. दाऊद आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार दो वर्ष की सजा व जुर्माना भी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत सशक्त पैरवी के चलते गैंगस्टर एक्ट के एक पुराने मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 की अदालत ने गुरुवार को अभियुक्त साहिद पुत्र सुक्का दर्जी, निवासी मंडावली थाना कोतवाली नगर जिला बिजनौर (हाल पता मोहल्ला खान आलमपुरा को दोषी पाते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार, 16 फरवरी 2001 को थाना फतेहपुर में अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा 2ध्3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त पर आरोप था कि वह अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के उद्देश्य से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। इस मामले की सुनवाई एसटी संख्या-246/2003 के रूप में न्यायालय में विचाराधीन रही। मामले में शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) मेघराज सिंह चौहान ने प्रभावी पैरवी की, जबकि विवेचना क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया द्वारा की गई। पैरोकार के रूप में कांस्टेबल नितिन नागर का विशेष योगदान रहा।

## चौपाल लगाकर अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**सहारनपुर।** थाना कुतुब शेर की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम ने ग्राम इस्माइलपुर में महिला चौपाल के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

चौपाल में पुलिसकर्मियों ने महिला हेल्पलाइन नंबर अन्य समस्त हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी और महिलाओं को साइबर सुरक्षा एवं बाल विवाह आदि के विषय में भी जानकारी दी।

उन्होंने महिलाओं खासकर स्कूल जाने वाली लड़कियों को डरने की जरूरत नहीं है। यदि उनके साथ कोई व्यव्हार या गलत आचरण करता है तो साहस का परिचय देते हुए उन्हें सबक सिखाना है। साथ ही उपरोक्त दिए गए नम्बरों पर डॉयल कर पुलिस की सहायता से उन्हें जेल भेजने का किया जाए। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं व युवतियां मौजूद रही।

# सोनिया गांधी के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सीडब्लू चेयरपर्सन सोनिया गांधी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



आज गुरूद्वारा रोड़ स्थित महागनर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीश त्यागी व पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल के देखरेख में हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि राजीव गांधी के शहीद होने के बाद बिखरती हुई कांग्रेस को बचाने के लिए वर्ष 1998 में सोनिया गांधी ने अध्यक्ष पद संभाला और पार्टी के लिए संजीवनी साबित हुईं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने लगातार दो बार केंद्र में सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सोनिया गांधी अस्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं, इसलिए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए यह आयोजन किया गया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि सोनिया गांधी देश की सबसे प्रभावशाली महिला नेताओं में से एक हैं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में कांग्रेस को संभालते हुए पार्टी को एकजुट रखा और अपने नेतृत्व कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य मुजफ्फर अली, महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, अमरदीप जैन, नीरज कपिल, इकराम खान, पीसीसी सदस्य धर्मपाल जोशी, महानगर महासचिव मयंक शर्मा, पंडित सुमन शर्मा, सचिव रेखा धीमान, उपमा सिंह, मधु सहगल, रीता बब्बर, उमा सिंह, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, आरिफ मंसूरी, जमाल अहमद, एससीएसटी के जिला अध्यक्ष मुनीष सहगल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीराम नवमी पर निकाली श्री साईं पालकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट रोड स्थित श्री साईं सिद्ध पीठ मंदिर में आज श्री रामनवमी उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।



प्रातः बाबा का मंगल स्नान 21 सुगंधित द्रव्यो से किया गया। उसके पश्चात बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर ठीक 12 बजे श्री राम जन्मोत्सव पूजन संयुक्त रूप से ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, आशु जैन, निशांत अग्रवाल, प्रेम कुमार, सचिन सैनी, सुनील गोयल, अनिल गंभीर, सचिन तायल द्वारा किया गया। मध्यान्ह आरती के पश्चात पंडित आनंद मिश्रा ने भक्तों को बताया कि श्री रामनवमी का दिन श्री साईं बाबा को अति प्रिय था उस दिन बाबा भक्तों के साथ मिलकर श्री रामनवमी का उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया करते थे। तत्पश्चात नारियल तोड़कर एवं रणसिंहा की मधुर धुन पर बाबा की पालकी की शुरुआत हुई। दीपक सरसावा ढोल की थाप पर भक्त झूम उठे और नाचते गाते बाबा की भव्य पालकी श्री द्वारका माई से चलकर चावड़ी जी तक पहुंची। चावड़ी जी में पूजन संयुक्त रूप से ट्रस्टी विनीत कर्णवाल, अलका कर्णवाल, आशु जैन, डॉ. रमेश शर्मा, अतुल गांधी, आयुष गोयल, सुनील गोयल, कर्मवीर सिंह, हरीश गुलाटी टोनी राणा, प्रदीप यादव, अरुण अग्रवाल, ललित कुमार, ललित अग्रवाल, अनिल गंभीर द्वारा किया गया। मंदिर में आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने नाचते गाते बाबा की पालकी को कांधा दिया।

इस अवसर पर नितिन गुप्ता, जितेंद्र राणा, सुबोध पुंडीर, नरेश जायसवाल, दिनेश जायसवाल, टोनी राणा, सुनील गोयल, ललित अग्रवाल, सचिन तायल, अलका कर्णवाल आदि भक्त सम्मिलित हुए।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## ठोस पहल की जरूरत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी संघर्ष के लगभग चार सप्ताह बीत जाने के बाद पहली बार स्पष्ट रूप से समझौते की इच्छा जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव सामने रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस पहल को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों पक्षों की शर्तें अत्यंत कठोर हैं और आपसी भरोसे की भारी कमी शांति स्थापित करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। मौजूदा हालात में सबसे जरूरी कदम यह है कि तुरंत हमलों को रोका जाए और संवाद के जरिए किसी साझा समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं, क्योंकि सैन्य ताकत के सहारे केवल विनाश और अस्थिरता ही बढ़ेगी। प्रस्तावों को लेकर किसी भी तरह की ठोस स्पष्टता सामने नहीं आई थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच फिलहाल किसी प्रकार की सीधी बातचीत नहीं हो रही है। दूसरी ओर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी अमेरिका के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के बजाय उसका मजाक उड़ाया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि ईरान अभी इस पहल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसके बावजूद, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि कम से कम अब शांति और युद्धविराम जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो रही है, जो आगे चलकर किसी सकारात्मक परिणाम का आधार बन सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच जो मूलभूत मतभेद हैं, वे इतने गहरे और जटिल हैं कि उन्हें तुरंत सुलझा पाना आसान नहीं है। फरवरी में भी जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, तब यही मुद्दे सामने आए थे और अंततः वार्ता किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी थी। यह ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन्हें दोनों देश अपनी 'रेड लाइन' मानते हैं, यानी ऐसे बिंदु जिन पर समझौता करना उनके लिए लगभग असंभव है। इन मुद्दों में सुरक्षा, क्षेत्रीय प्रभाव, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध जैसे कई पहलू शामिल हैं, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी युद्ध के दौरान बातचीत की शुरुआत अक्सर इसी प्रकार के कठिन और असहज माहौल में होती है। यह उम्मीद करना अव्यावहारिक होगा कि दोनों देश तुरंत आमने-सामने बैठकर सभी मतभेद सुलझा लेंगे। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपने-अपने कठोर रुख में कुछ नरमी दिखाएं और ऐसे बिंदुओं की तलाश करें जहां आपसी सहमति बन सके। जब तक कोई साझा आधार नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं हो पाएगा।

### टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान जरूरी



टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं, तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं, हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं, तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर






**रजनीश कपूर**

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने मात्र चार सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एलपीजी और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चेतावनी दी है कि यह संकट ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाउन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गति. विधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह।

यह युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का आर्थिक हथियार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने इसे मेजर, मेजर थ्रेट बताया है। हॉर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और एआई तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बांग्लादेश ने पहले ही ईंधन राशनिंग लागू कर दी है। लंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाउन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि हॉर्मुज दो-तीन महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी, लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है।

शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। पाकिस्तान ने खुद को अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ के रूप से स्थापित किया है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की ईरान और अमेरिका दोनों के साथ अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए इस्लामाबाद ने वार्ता का मंच प्रस्तावित किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15-पॉइंट प्रस्ताव अमेरिका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें हॉर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि यह भूमिका संयोग नहीं है। पाकिस्तान न तो अमेरिकी सैन्य अड्डे रखता है और न ही ईरान के साथ उसके संबंध खराब हैं। बल्कि पाकिस्तान के दोनों देशों के साथ सैन्य-कूटनीतिक संबंध मजबूत हैं। ईरान के साथ साझा सीमा और शिया समुदाय के कारण, जबकि (पाक आर्मी चीफ की हालिया व्हाइट हाउस यात्रा के चलते) अमेरिका के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत दोस्ती के कारण पाकिस्तान मध्यस्थ बनने में सक्षम है। इसके साथ ही कतर और ओमान पारंपरिक मध्यस्थ रहे हैं, सऊदी अरब और टर्की ने भी 'बैकचैनल' वार्ता शुरू की है, जबकि चीन ने आर्थिक हितों के कारण शांति की अपील की है। लेकिन जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की पहल सबसे मुखर और सक्रिय लग रही है।

सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग पॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमे. रिका को घरेलू आर्थिक दबाव और इजरायल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। पाकिस्तान के माध्यम से 'बैकचैनल' संदेशों का आदान-प्रदान पहले ही शुरू हो चुका है। यदि इस्लामाबाद शिखर सफल हुआ तो हॉर्मुज दोबारा खुल सकता है और ऊर्जा संकट थम सकता है। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट और स्टिमसन सेंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इजरायल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि, बने रहेंगे। पाकिस्तान की भूमिका को कुछ विशेषज्ञ 'रणनीतिक अवसरवाद' मानते हैं। पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में फंसा है और सऊदी के साथ रक्षा समझौते की तलाश में है। मध्यस्थता से वह वैश्विक कूटनीति में अपनी प्रासंगिकता बढ़ाना चाहता है। लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि ईरान पाकिस्तानी प्रस्ताव को 'ट्रंप का दबाव' माने तो बात आगे नहीं बढ़ेगी।

पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शक्तियों (सऊदी, टर्की) और महाशक्तियों (अमेरिका, चीन) के बीच संतुलन बनाए रखता है। फिर भी, युद्ध की जड़ें गहरी हैं, परमाणु मुद्दा, इजरायल-ईरान शत्रुता और हॉर्मुज का भू-राजनीतिक महत्व आदि। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य पूर्व से आता है, लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। ऊर्जा लॉकडाउन से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमेरिका, इजरायल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में ऊर्जा लॉकडाउन का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

# जलवायु परिवर्तन, पौधों पर जल्दी फूल आना

**नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पफूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। पफूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।**



दुनिया भर में कई पौधों में अब पहले की तुलना में जल्दी फूल खिलने लगे हैं। पूरा ध्यान बढ़ते तापमान पर जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार केवल गर्मी बढ़ना ही इसका कारण नहीं है। जैसे, ग्रीनहाउसों में सिर्फ ज्यादा तापमान देने से फूल समय से पहले नहीं खिले। एक नए अध्ययन से पता चला है कि पत्तियों पर जमा होने वाली ओस की बूंदें इस जल्दबाजी की वजह हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब पानी की बहुत सूक्ष्म बूंदें पत्तियों पर जमती हैं, तो वे कुछ रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू करवाती हैं। ए अभिक्रियाएं पौधे को संकेत देती हैं कि अब फूल बनाने का समय आ गया है। तो लगता है कि केवल बढ़ता तापमान नहीं, बढ़ती नमी के कारण बनने वाली ओस भी पौधों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। पहले किए गए प्रयोगों से यह स्पष्ट था कि थोक पानी की तुलना में पानी की बहुत छोटी बूंदें अलग तरह से व्यवहार करती हैं। जब ऐसी सूक्ष्म बूंदें किसी ठोस अजैविक सतह पर बनती हैं, तो उनमें खास रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू हो सकती हैं। देखा गया था कि इन अभिक्रियाओं के कारण वहां मूलक बनते हैं जिनमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस अवलोकन से यह सवाल पैदा हुआ कि यदि ऐसी ही बूंदें किसी सजीव सतह (जैसे पत्ती) पर जमें तो क्या परिणाम होगा। इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक छोटे फूलदार पौधे एरेबिडॉप्सिस थैलियाना पर प्रयोग किए। यह ब्रेसिकेसी कुल का पौधा है। विस्तृत प्रयोगों में पाया गया कि इस पौधे की पत्तियों पर ओस जमने पर, वहां होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन परॉक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड बनते हैं।

नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने फूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। फूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।

ओस बिंदु हवा में उपस्थित नमी और हवा के तापमान से जुड़ा है। हालांकि सभी वैज्ञानिक पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं लेकिन यदि यह निष्कर्ष सही साबित होते हैं, तो वैज्ञानिकों की यह समझ बदल सकती है कि गर्माती जलवायु में पौधे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यदि केवल तापमान ही नहीं, बल्कि हवा की नमी में छोटे बदलाव भी फूल आने के समय को प्रभावित कर सकते हैं, तो इस शोध का व्यावहारिक उपयोग भी हो सकता है। भविष्य में किसान नियंत्रित फुहार या हल्की नमी देकर फूलने का समय बदल सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# संस्कृत नाटक से आधुनिक थिएटर तक, रंगमंच का इतिहास

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

रंगमंच सदियों से मानव संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुए हैं। विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार रंगमंच का विकास हुआ, जो कई चरणों से गुजरते हुए विभिन्न रूपों में बंट गया। रंगमंच मनोरंजन का सबसे पुराना माध्यम है, जो समाज की भावनाओं, विचारों और संस्कृति को दर्शाता है। 'रंगमंच' शब्द 'रंग' और 'मंच' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'रंग' शब्द इसलिए क्योंकि .श्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह-तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी भिन्न-भिन्न रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और 'मंच' शब्द इसलिए क्योंकि रंगमंच का तल दर्शकों की सुविधा के लिए फर्श से कुछ ऊंचा उठा होता है। दर्शकों के बैठने के स्थान को रंगमंच और प्रेक्षागार सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाटडशाला कहते हैं जबकि पश्चिमी देशों में इसे 'थिएटर' या 'ऑपेरा' नाम दिया गया।

हर साल 27 मार्च को रंगमंच की कला को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को सम्मान देने के लिए 'विश्व रंग. मंच दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) ने यूनेस्को के सहयोग से 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे मनाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच कला के महत्व को समझाना, दुनिया भर में रंगमंच की महत्ता को बढ़ावा देना और नाटड कला को संरक्षित करना है। दुनियाभर में आईटीआई के 85 से भी ज्यादा केंद्र हैं। सर्वप्रथम इस दिवस की स्थापना का विचार राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा दिया गया था, जिन्होंने 1961 में आईटीआई की 9वीं विश्व कांग्रेस की बैठक में फिनिश सेंटर की ओर से यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद 1962 से यह दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाने लगा। यह दिन उन लोगों के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो कला के रूप 'थिएटर' के मूल्य और महत्व को समझते हैं। भारत में रंगमंच की परंपरा अत्यंत पुरानी और समृद्ध है, जो वेदों, पुराणों और संस्कृत नाटकों से लेकर आधुनिक नाटड रूपों तक विस्तारित है। भारतीय रंगमंच की जड़ें धार्मिक अनुष्ठानों, लोकनाटडों और शास्त्रीय नाटकों में गहरी जमी हुई हैं। भारत में रंगमंच की शुरुआत भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से मानी जाती है, जिसे संस्कृत नाटक का आधार और रंगमंच का पहला विस्तृत ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, रंगमंचीय संरचना और नाट्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया है। कालिदास अभिज्ञानशाकुंतलम, 'मालविकाग्निमित्रम', भास स्वप्नवासवदत्तम, प्रतिज्ञायौगंधरायणम, शूद्रक मृच्छकटिकम और विशाखदत्त मुद्राराक्षस जैसे नाटककारों ने संस्कृत रंगमंच को समृद्ध किया। इन नाटकों में धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और सामा. जिक विषयों को उठाया गया था। भारत में आधुनिक रंगमंच का विकास पारसी थिएटर, सामाजिक नाटक और राजनीतिक नाटकों के रूप में हुआ। मध्यकाल में लोकनाट्य परंपरा अधिक विकसित हुई। भक्ति आंदोलन के प्रभाव से भक्ति और धार्मिक नाटकों का उदय हुआ। उस दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकनाटड शैलियां उभरी, जैसे उत्तर भारत में रामल. ीला व नौटंकी, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात व राजस्थान में भवाई, पश्चिम बंगाल में जात्रा, कर्नाटक में यक्षगान, आंध्र प्रदेश में वीर नाटडम, केरल में कथकली, तमिलनाडु में तेरुक्कूत्तु आदि। भारतीय रंगमंच पर आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव भी पड़ा। अंग्रेजों के आगमन के बाद 19वीं शताब्दी में पारसी थिएटर का विकास हुआ, जिसने भारतीय नाटक को व्यावसायिक रूप दिया और वह कई दशकों तक लोकप्रिय रहा। हालांकि 20वीं शताब्दी में रंगमंच ने एक नए रूप में जन्म लिया, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और समक. ालीन मुद्दों को मंचित किया जाने लगा। उस दौर में कई महान नाटककार और रंगकर्मी उभरे, जिनमें गिरीश कर्नाड तुगलक, हयवदन, बदाल सरकार भागवत अज्जुकर, एवम इंद्रजीत, विजय तेंदुलकर घासीराम कोतवाल, खामोश अदालत जारी है, हबीब तनवीर चरणदास चोर, धर्मवीर भारती अंधायुग आदि प्रमुख थे। रंगमंच का इतिहास प्राचीन ग्रीस से जुड़ा माना जाता है, जहां 534 ईसा पूर्व में थेस्पिस नामक कलाकार ने पहली बार एकल अभिनय (रंगमंचीय प्रदर्शन) किया था, जिस कारण उन्हें 'प्रथम अभिनेता' और 'रंगमंच का जनक' भी कहा जाता है। विश्व का पहला प्रसिद्ध रंगमंच 'थिएटर ऑफ डायोनिसस' था, जो एथेंस (ग्रीस) में स्थित था, जो 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। वहां ग्रीक नाटककार सोफोक्लेस, यूरिपिड्स और एस्किलस के नाटक प्रस्तुत किए जाते थे। लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में ग्रीस में नाट्य प्रदर्शन होने लगे थे। एस्किलस, सोफोक्लेस, यूरिपिडीस और अरिस्टोफेनीस जैसे नाटककारों ने ही ग्रीक रंगमंच को समृद्ध किया। ग्रीक नाटकों में मुख्य रूप से दुखांत, सुखांत और व्यंग्य प्रमुख शैलियां थी। ग्रीक नाटडशालाएं खुले स्थानों पर पहाड़ियों पर बनाई जाती थी, जो उस जमाने के 'ओपन-एयर थिएटर' थे। अभिनेताओं द्वारा विभिन्न भावों को दर्शाने के लिए मुखौटे पहने जाते थे। यूरोप में रंगमंच का विकास मध्ययुगीन धार्मिक नाटकों से लेकर आधुनिक युग तक क्लासिकल, रोमांटिक, यथार्थवादी और आधुनिक शैलियों में कई चरणों में हुआ। प्रारंभ में ईसाई धर्म से जुड़े नाटकों का मंचन किया जाता था। ग्रीक रंगमंच से प्रभावित होकर ही रोमन सभ्यता ने अपने नाटकों का विकास किया और तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से रोमन रंगमंच का प्रभाव बढ़ा। रोमन नाट्यशालाएं विशाल और भव्य होती थी। रोमन रंगमंच में हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक नाटक अधिक प्रचलित थे। रोमन नाटककारों में प्लॉटस और टेरेन्स प्रमुख थे। रोमन युग में नाटक के साथ-साथ ग्लैडीएटर मुकाबले भी होते थे। रंगमंच को विलियम शेक्सपीयर ने नई ऊंचाई प्रदान की। 'हैमलेट', 'मैकबेथ', 'ओथेलो' जैसे नाटकों के रचयिता विलियम शेक्सपीयर ही थे। एशियाई रंगमंच विविध और पारंपरिक रूपों में विकसित हुआ, जिसमें चीन, जापान, भारत और अन्य पूर्वी देशों की नाट्य परंपराएं सम्मिलित हैं। एशियाई रंगमंच में अभिनय के साथ नृत्य और संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। रंगमंच दिवस के लिए पहला संदेश 1962 में जीन कोक्टड्डू द्वारा लिखा गया था, जिसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया और वह सैकड़ों अखबारों में छापा गया। कई संस्थानों के माध्यम से उस संदेश को दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया गया। वह नाटक पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर का माना जाता है। रंग. मंच दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और दुनिया भर में रचनात्मकता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में रंगमंच की भूमिका को मान्यता देता है।

आज रंगमंच न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। आज के डिजिटल युग में सिनेमा और वेब सीरीज के बावजूद रंगमंच अपनी पहचान बनाए हुए है। तकनीकी प्रगति और डिजिटल मनोरंजन के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रंग. मंच की प्रासंगिकता बनी हुई है। लाइव स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन थिएटर के माध्यम से रंगमंच की पहुंच वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी 26 यात्रियों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चघए जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई।

### एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### इराकी सरकार अमेरिकी दूत को तलब करेगी: अल-नुमान

**दोहा।** इराक के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्रालय के एक चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमले के विरोध में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने बताया कि इस हमले में सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इराकी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि पश्चिमी इराक में हब्बनिया सैन्य चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमलों में सात इराकी सैनिक मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन भेजेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन को देने तथा चिकित्सा कर्मियों को इसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बना रही है। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अमेरिकी सरकारी दस्तावेजों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार को न केवल उपकरण वितरित और स्थापित करना होगा, बल्कि इसे चलाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित भी करना होगा। इसके साथ ही सिस्टम मैनुअल भी यूक्रेनी भाषा में प्रदान करना होगा। इस परियोजना की देखरेख अमेरिकी सेना की 409वीं कॉन्ट्रैक्टिंग सपोर्ट ब्रिगेड द्वारा की जा रही है, जो जर्मनी में स्थित है।



**इजरायल। रामत गान में ईरानी मिसाइल हमलों की चेतावनी देने वाले हवाई हमले के सायरन बजने पर अपने कुत्तों के साथ बम आश्रय में छिपे डॉग सैलून के कर्मचारी।**

## ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की, कहा बहुत अलग एवं अजीब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता

## वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार रहे अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हाल ही के युद्ध ने न केवल तेल बाजारों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट को देखते हुए अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने यह उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया गया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से



**■ भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है**

निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों के कारण बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती, तो कृषि उत्पादन घटने और खाद्य कीमतों के बढ़ने का गंभीर जोखिम पैदा हो सकता था, जो एक बड़ा वित्तीय संकट बन सकता है। प्रस्तावित नई संधि का उद्देश्य व्यापार के बजाय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और समानता को प्राथमिकता देना है। प्रोफेसर धर के अनुसार, यह संधि सरकारों को घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने का कानूनी अधिकार देने की वकालत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थाई रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालातों को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है।

# बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान

## अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई की धमकी को अमली जामा पहनाने की पूरी तैयारी



**■ ईरान ने संभावित शांति समझौते के तहत अमेरिका इजरायल से हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की**

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है।

स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे व्यापक नुकसान हुआ और हजारों की संख्या में नागरिक हताहत हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य सुविधाओं पर हमले करने शुरू कर दिए। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग, 'होर्मुज जलडमरुमध्य' बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार काफी प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। वहीं ईरान ने अमेरिका, इजरायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख जाहिर किया था। सूत्र ने बताया कि हिजबुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बातचीत हुई और उन्होंने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पांच दिनों के लिए हमले रोक दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत होने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि उसे केवल ऐसे संदेश प्राप्त हुए हैं जिनमें अमेरिका ने बातचीत करने की इच्छा जाहिर की है।

### ईरान के साथ संघर्ष की बढ़ सकती है अवधि: पूर्व ट्रम्प सलाहकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत हो सकता है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहकार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने मीडिया को यह जानकारी दी है।

पापाडोपोलोस ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और हजारों नागरिक हताहत हुए हैं। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला जहाजों का आवागमन इस सैन्य अभियान की वजह से लगभग रुक गया है, जबकि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ा रही हैं और कवरेज की शर्तों में बदलाव कर रही हैं। दुनिया भर में तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक छोड़ने को कहा

**■ नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई**

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने 'सुरक्षा अलर्ट' जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है।

दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए 'यात्रा नहीं करने की स्तर चार' की चेतावनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि जॉर्डन में 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा उपलब्ध है। वीजा की अवधि समाप्त हो चुके अमेरिकी नागरिकों को भी प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। सऊदी अरब में सीमा पर देरी से बचने के लिए नागरिकों को कम से कम 48 घंटे पहले 'ई-वीजा' आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मई में करेंगे चीन की यात्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई को बीजिंग की यात्रा करेंगे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह घोषणा की कि चीनी राष्ट्रपति भी इस वर्ष के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह 'जिनपिंग के साथ मुलाकात के लिए बहुत उत्सुक हैं, जो कि यकीनन एक यादगार घटना होगी।' दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह उच्च स्तरीय बैठक पहले 31 मार्च से दो अप्रैल के दौरान होनी थी, लेकिन ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चीन के सम्मानित राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी बैठक पुनर्निर्धारित की गई है और यह 14 और 15 मई को बीजिंग में होगी।

# इमरान के पुत्र कासिम ने पिता की सेहत को लेकर जताई चिंता

**■ इमरान की चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद में अ आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है। इस हिरासत को 'मनमाना' बताते हुए कासिम ने दावा किया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध' और 'यातना विरोधी कन्वेंशन' जैसे ढांचे शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता को एकांत कारावास में रखा गया है, उन्हें परिवार के सदस्यों और कानूनी सलाहकारों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है।

# शीर्ष ईरानी अधिकारी हमारे आग्रह पर इजरायल की हिट लिस्ट से हटे: पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजरायल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर ग़ालिबाफ़ को अपनी 'हिट लिस्ट' से हटा दिया है। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ़ इजरायल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजरायल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकडें थे, लेकिन पाकिस्तान ने यह तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

## ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान कां भी एक नागरिक मारा गया।

अफगान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के



**■ 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई**

गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोलाबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्की और कतर के कहने पर हुआ था।


सॉई फिजियोथेरेपी क्लीनिक
आप सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं
सभी प्रकार के हड्डी जोड़ एवं न्यूरो की समस्याओं का नवीनतम फिजियोथेरेपी मशीनों द्वारा स्थायी इलाज



डॉ.कुलदीप शर्मा
फिजियोथेरेपिस्ट
पता: हरपाल चेयरमैन वाली गली कविनगर, गजरौला (अमरोहा)
मो.-9456869811


# गुटेरेस ने पश्चिम एशिया संघर्ष को बेकाबू बताया

## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने तत्काल युद्ध रोकने का किया आग्रह

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेकाबू हो गया है, जिससे युद्ध का विस्तार हो जाने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है।

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबंधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया। महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता



**■ युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है**

प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजरायल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है। महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है। गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्लाह से इजरायल पर हमले रोकने का आग्रह किया। उन्होंने इजरायल से उन सैन्य अभियानों को रोकने का आह्वान किया, जो नागरिकों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सवालों का जवाब देते हुए गुटेरेस ने कहा कि आगे तनाव बढ़ने के संकेतों के बावजूद, जिसमें कथित सैन्य तैनाती और अमेरिका और ईरान के बीच अस्वीकृत प्रस्ताव शामिल हैं, कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य तरीका है। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि कूटनीति को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें इस आपदा से निकलने का रास्ता चाहिए और शांति ही एकमात्र रास्ता है।


श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104



यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108